

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-111 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आज शाम दिल्ली से लौटेंगे सीएम

**रायपुर,18 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दिल्ली से वापस रायपुर लौटेंगे। वे शाम 7 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रायपुर के लिए रवाना होंगे। रात 8.50 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बता दें कि दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम ने संगठन के बड़े नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ विजन 2024 और शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। रायपुर। विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस रणनीति बनाएगी। इसके लिए आज राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक होने जा रही है। राजधानी के गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में शाम 4 बजे से बैठक होगी, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, पार्षद एवं सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बता दें कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करने जा रही है।

### फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिरी कार युवक घायल

**भिलाई,18 जुलाई।** भिलाई के स्टील कालोनी में आज सुबह सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कार फ्लाईओवर से 30 फिट नीचे आ गिरी। कार राजनांदगांव की तरफ जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार बोगदा फ्लाईओवर के बीच के हिस्से से कूदती हुई नीचे आ गिरी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना देते आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ट्रेनी आईएएस पूजा खेड़कर की मां गिरफ्तार

**मुंबई,18 जुलाई।** विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा को पुणे ग्रामीण पुलिस ने रायगढ़ के महाड़ के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया है। वे होटल में नाम बदलकर छिपी हुई थीं। उन पर किसानों को धमकाने का आरोप है। मनोरमा खेडकर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह पिस्तौल से किसानों को धमकाती हुई नजर आ रही थीं। घटना पुणे के मुलशी तालुका के धडावली गांव की थी, जहां पूजा के पिता दिलीप खेडकर ने जमीन खरीदी थी। वीडियो के वायरल होने के बाद 13 जुलाई को पूजा की मां मनोरमा और पिता दिलीप समेत 7 लोगों के खिलाफ पौड पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था।

### अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कोविड 19 से संक्रमित

**वाशिंगटन,18 जुलाई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। बाइडन कोविड संक्रमित तब हुए हैं, जब उन पर डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से ही दबाव बढ़ रहा है कि राष्ट्रपति की रेस से वह बाहर हो जाएं और किसी और को मौका दें. कोविड संक्रमित होने के बाद बाइडन पर यह दबाव और बढ़ सकता है. व्हाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी कैरीन जीन पियरे के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति को कोविड की वैक्सीन और बूस्टर लगा हुआ है.

### पटवारियों की हड़ताल खत्म

**रायपुर,19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद पटवारियों ने आज से ही काम पर लौटने का फैसला लिया। बताया जा रहा कि पटवारियों की मांग पर बनी सहमति बन गई है। मंत्री टंकराम ने कहा, सभी पटवारी आज से काम शुरू करेंगे. पहले भी चर्चा हुई थी. वो सार्थक नहीं हो पाई थी. आज सार्थक चर्चा हुई है. मंत्री वर्मा ने कहा, भुइयां एप मामले में भी चर्चा हुई है. गलती अपने से नहीं करते हैं. इस पर भी सुधार किया जाएगा. वहीं तहसीलदारों के 22 तारीख तक आश्वासन को लेकर मंत्री ने कहा, वो काम पर लौट गए हैं. मांग पर सहमति बनी है.

# आईईडी ब्लास्ट में राजधानी का जवान शहीद

## एक अन्य जवान भी शहीद, चार घायल


भरत लाल साहू


सतेंद्र सिंह

**बीजापुर,18 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नक्सलियों की IED ब्लास्ट की चपेट में आने से राजधानी रायपुर निवासी एक जवान सहित 2 जवान शहीद हो गए हैं। वहीं घायल 4 जवानों को जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया है। घायलों को बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर करने की तैयारी चल रही है। इसकी पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है। मिली जानकारी के मुताबिक, CRPF, कोबरा, CAF, DRG और STF के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे। बीती रात ऑपरेशन से लौटते वक्त तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से STF के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह शहीद हुए हैं। वहीं पुरुषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हुए हैं. घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. शहीद भरत लाल साहू पिता रामाधार साहू लक्ष्मी नगर,मोवा, रायपुर का निवासी था। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे खपराभट्टी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सीएम साय ने जताया दुख

बीजापुर नक्सली हमले में दो जवान शहीद होने पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा है कि माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।

# एनईईटी-यूजी: आप पहले फैक्ट्स पर बात करें

## याचिकाकर्ता के वकील से सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछे तीखे सवाल

**नई दिल्ली,18 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एनईईटी-यूजी 2024 की दोबारा परीक्षा केवल ठोस आधार पर ही संभव हो सकती है क्योंकि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पवित्रता बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने यह टिप्पणी तब की जब उनकी अगुवाई वाली पीठ ने एनईईटी-यूजी विवाद से संबंधित कथित कदाचार और अनियमितताओं से संबंधित 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुडा से कहा कि यह स्पष्ट करना होगा कि पेपर लीक इतना व्यवस्थित था और इसने पूरी परीक्षा को प्रभावित किया, जिससे पूरी परीक्षा को रद्द करना जरूरी हो गया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान कहा, केवल



इसलिए कि 23 लाख में से केवल 1 लाख को ही प्रवेश मिलेगा, हम दोबारा परीक्षा का आदेश नहीं दे सकते। दोबारा परीक्षा इस आधार पर होनी चाहिए कि पूरी परीक्षा प्रभावित हो। सुप्रीम कोर्ट ने पेपर लीक विवाद के सामाजिक प्रभाव को रेखांकित करते हुए गूगल बनाम भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और आयकर रिटर्न से संबंधित मामलों पर एनईईटी सुनवाई को प्राथमिकता दी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि लाखों छात्र इस मामले में नतीजे का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि पीठ ने अन्य मामलों को स्थगित कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अपनी दलील में कहा कि एनटीए ने सभी अभ्यार्थियों का रिजल्ट घोषित नहीं किया है। जबकि दूसरी परीक्षाओं में ऐसा नहीं किया गया है। इसपर सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा कि सरकारी कॉलेजों में कितनी सीटें हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने जवाब दिया कि कुल सीटों की संख्या 56 हजार हैं। ऐसे में कम से कम एक लाख छात्रों का रिजल्ट घोषित किया जाना चाहिए। इसपर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि क्या आपके हिसाब से कुछ लोग 1 लाख 8 हजार के केटेगरी में आ गए है? आप पहले फैक्ट्स पर बात करें।

# शिवधाम तुलसी में गुरुपूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को



**रायपुर,18 जुलाई।** ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग) स्थित शिवधाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन प्रातः साढ़े दस बजे ध्वजापूजन व ध्वजारोहण किया जाएगा। पूर्वान्ह ग्यारह बजे गुरुपादुका पूजन तत्पश्चात मध्यान्ह 12 बजे आरती की जाएगी। मध्यान्ह साढ़े बारह बजे पौधारोपण के बाद मध्यान्ह डेढ़ बजे प्रसाद वितरण होगा। यहां यह बताना जरूरी है कि शिवधाम में विशाल शिवलिंग के साथ ही पारद निर्मित अद्भुत शिवलिंग भव्य मंदिर में स्थापित है। परिसर में गुरुदेव अघोरेश्वर राम की जीवंत प्रतिमा एक अन्य मंदिर में स्थापित है। यहां मां काली (अघोरेश्वरी) दिव्य रूप में विराजमान है। शिवधाम महादेवघाट से अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी में खारून नदी के तट पर स्थित है।



### मुख्यमंत्री साय ने की लोस अध्यक्ष से मुलाकात

**नई दिल्ली,18 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें पुन~ लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली के संसद भवन में हुई लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किया. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरल-सहज स्वभाव के धनी ओम बिरला के इस कार्यकाल में लोकसभा की गरिमा निश्चित ही और अधिक ऊंचाईयों को प्राप्त करेगी. नई दिल्ली स्थित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी से मुलाकात कर पुनः लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।

# कंगना रनौत का शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर तंज

**नई दिल्ली,18 जुलाई।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थन का खुला ऐलान कर दिया था. उन्होंने यहां तक कहा था कि उनके साथ धोखा हुआ है. इस बयान के बाद शंकराचार्य को आलोचनाओं का



सामना करना पड़ रहा है. भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत का भी इस मुद्दे पर बयान सामने आया है. वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थन में सामने आई हैं.शंकराचार्य पर कटाक्ष करते हुए रनौत ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शिंदे को देशद्रोही और विश्वासघाती कहकर सभी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है. उन्होंने कहा, ÷राजनीति में गठबंधन, संधि और पार्टी का विभाजन होना बहुत सामान्य और संवैधानिक बात है. कांग्रेस पार्टी 1907 में और फिर 1971 में विभाजित हुई थी.÷ कंगना यहीं पर नहीं रुकीं. उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई राजनेता राजनीति नहीं करेगा, तो क्या वह गोलगप्पे बेचेगा?कंगना रनौत ने ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा, शंकराचार्य जी ने उनकी शब्दावली और अपने प्रभाव और धार्मिक शिक्षा का दुरुपयोग किया है. धर्म ये भी कहता है कि अगर राजा ही प्रजा का शोषण करने लगे तो राजद्रोह ही आखिरी धर्म है. शंकराचार्य जी ने महाराष्ट्र के हमारे माननीय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी को अपमानजनक शब्दावली से गद्दार, विश्वासघाती जैसे आरोप लगाते हुए हम सब कि भावनाओं को ठेस पहुंचाई है. शंकराचार्य जी इस तरह की छोटी और ओछी बातें करके हिन्दू धर्म की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं. इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शिवसेना (यूबीटी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुंबई में उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि वह विश्वासघात के शिकार हैं. हालांकि, अयोध्या में राम मंदिर के पवित्रीकरण समारोह के निमंत्रण को ठुकराने वाले शंकराचार्य ने कहा कि उनकी टिप्पणी राजनीतिक प्रकृति की नहीं थी.उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है और इससे कई लोग दुखी हैं. मैंने आज उनके अनुरोध पर उनसे मुलाकात की और उनसे कहा कि जब तक वह फिर से मुख्यमंत्री नहीं बन जाते, लोगों का दर्द कम नहीं होगा. उन्होंने आगे कहा, ÷जो विश्वासघात करता है, वह हिंदू नहीं हो सकता.

## बलौदाबाजार हिंसा की जांच करने पहुंचे आयोग के अध्यक्ष

**बलौदाबाजार,18 जुलाई।** जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने व बलौदाबाजार हिंसा व आगजनी की जांच औपचारिक तौर पर आज से शुरू हो गई. घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे. सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी ने बलौदाबाजार सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि अभी तो हम यहां व्यवस्था देखने आए हैं. बलौदा बाजार में ही जांच आयोग बैठेगी. इसके लिए न्यायालय



परिसर की व्यवस्था देखेंगे. सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचने के बाद अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखकर अपर कलेक्टर को तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसके बाद ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा व गिरौदपुरी जाएंगे. सभी पक्षों से शपथ पत्र में जानकारी लेंगे. इसके बाद प्रति परीक्षण और बयान की कार्रवाई होगी.

# नागालैंड के आर्थिक विकास के लिए तिजु जुंकी नदी का परिवहन के लिए उपयोग की योजना: सोनोवाल

**दीमापुर, 18 जुलाई।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां आयोजित हितधारकों के सम्मेलन में नागालैंड की जलमार्ग क्षमताओं को कुशल बनाने के उद्देश्य से आज प्रमुख पहलों की घोषणाएं की हैं। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सर्बानंद सोनोवाल के साथ मिलकर तिंजु-जुकी (राष्ट्रीय जलमार्ग 101) के विकास की घोषणाएं की हैं। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग




प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) तथा परिवहन विभाग, नागालैंड सरकार मिलकर इस बारे में क्षमताओं का अध्ययन करेंगे। रियो और सोनोवाल ने राज्य में दोयांग नदी की पर्यटन संभावनाओं के विकास के लिए पहल करने की भी घोषणा की है। इस सिलसिले में सामुदायिक जेट्टियों और रो पैक्स फेरी संबंधी व्यावहारिकता अध्ययन भी किया जाएगा। इन प्रयासों से राज्य की पर्यटन संभावनाओं को बल मिलेगा। ये घोषणाएं पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा आयोजित हितधारक सम्मेजल में आयोजित एक इंटरेक्टिव सत्र के दौरान की गई।

# सांप डंसने से मासूम भाई-बहन की मौत

**गरियाबंद,18 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सर्प दंश से सगे भाई-बहन की मौत होने से गांव में मातम छा गया है. यह घटना अमलीपदर थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरा की है. बता दें कि बरसात के दिनों में सर्प दंश के मामले बढ़ जाते हैं. पिछले एक माह में सर्पदंश के 13 मामले आ चुके हैं. इनमें तीन की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक, बीती रात आदिवासी परिवार में मां बाप के साथ उनके पांचों संतान एक साथ सोए हुए थे. रात लगभग 12 बजे 16 साल की बेटी कस्तूरी को सांप काटने का अहसास होते ही वह नींद से जाग गई, तब तक 10 वर्षीय बेटा शेष कुमार सर्प दंश से अंजान था. रात को ही पिता खोवेंद्र ने सांप को ढूंढ कर मार दिया। ढाई बजे रात को जब दोनों बच्चो ने उल्टी करना शुरू किया तो परिजन के होश उड़ गए. परिजनों ने अपने साधन से जब तक देवभोग अस्पताल पंहुचा, दोनों मासूमों की मौत हो गई थी. वहीं देवभोग में रहने वाले एक युवक बबलू भी सर्प दंश का शिकार हुआ है. गंभीर हालत में उन्हें डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।



बीएमओ डॉक्टर प्रकाश साहू ने बताया कि बेटी के कमर में सांप काटने के निशान हैं. बेटे का निशान पीएम के समय पता चलेगा. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पिछले एक माह में सर्प दंश के देवभोग अस्पताल में उपचार के लिए 13 मामले आ चुके हैं, जिसमें 9 मामले जहरीले सांप के काटने के मरीज थे. इनमें से 3 लोगों को मौत हो गई है।

### मास्टर माइंड शिक्षक सस्पेंड

**बलौदाबाजार,18 जुलाई।** बलौदाबाजार में विगत 10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी घटना के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मोहन बंजारे व्याख्याता (एल.बी.) के रूप में शा.उ.मा.वि गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध कमांक 381/2024 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है।

#### कलेक्टर जनदर्शन में युवक ने लगाई गुहार

# साहब, प्रेमिका से मुझे मिलवा दो



**धमतरी,18 जुलाई।** कलेक्टर जनदर्शन में एक बड़ा ही मार्मिक मामला सामने आया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से मिलाने की गुहार लगाई है, क्योंकि प्यार का खुलासा होने के बाद प्रेमिका के घर वालों ने उसका मोबाइल बंद कर मिलने-जुलने पर भी रोक लगा दी है. जिले में रहने वाले यश कुमार ने 8 जुलाई को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में अपना आवेदन लगाया है, जिसमें उसने बताया कि उसका रूप कुमारी (परिवर्तित नाम) से प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसका कुछ हफ्ते पहले उसके परिजनों को पता चल गया. इसके बाद से लड़की के मोबाइल को बंद कर मिलने-जुलने पर पाबंदी लगा दी है. युवक ने बताया कि इस बीच उसने अपनी प्रेमिका से मिलने की कोशिश की, लेकिन उसे मिलने नहीं दिया गया. युवक ने अपने आवेदन के अंत में कलेक्टर से अपनी प्रेमिका से मिलने की अनुमति प्रदान करने की गुजारिश की है.

## ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत 1900 से 2020 तक

jasclaudius@gmail.com

# पेरिस में पदकों की संख्या दहाई करने का लक्ष्य

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आधुनिक ओलंपिक खेल 1896 में आरंभ हुए। बाद में इस बहुखेल स्पर्धा को ग्रीष्मकालन ओलंपिक खेल पुकारा जाने लगा जबकि 1924 में पहली शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन फ्रांस के चामोनिक्स में हुआ। 2020 के टोक्यो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में 2006 देशों के 5910 पुरुष तथा 5409 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन में 339 इवेंट कुल 33 खेलों में हुए।

2024 में पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से 117 एथलीट 16 खेलों में विभिन्न खेल मैदान में उतरेंगे। इसके पहले भारत ने 1900 में पहली बार भाग लिया था जिसमें नार्मन प्रिचर्ड ने 200 मीटर दौड़ और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। एथलेटिक्स में इसके पश्चात 2020 तक भारत के किसी खिलाड़ी ने एक खेल में एक साथ दो पदक हासिल नहीं किया है। 1920 में भारत के 5 खिलाड़ियों ने क्रमशः एथलेटिक्स, कुश्ती में भाग लिया था। 1924 में भारत के 14 खिलाड़ियों ने दो खेलों क्रमशः एथलेटिक्स, टेनिस में भाग लिया था। 1928 में 22 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स व हाकी में भाग लिया। भारत ने हाकी का स्वर्ण पदक जीता। 1932 में 19 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, जलक्रीड़ा, हॉकी में भाग लिया। हाकी का स्वर्ण पदक फिर भारत ने जीता। 1936 में भारत के 27 खिलाड़ियों ने हाकी, एथलेटिक्स में भाग लिया और एक स्वर्ण पदक हाकी में जीता। 1948 में भारत के 79 खिलाड़ियों ने 10 खेलों एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, सायकलिंग, हाकी, फुटबाल, तैराकी, वाटरपोलो, भारोत्तोलन व कुश्ती में भाग लिया और सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता। 1952 में 64 खिलाड़ियों ने 11 खेलों में भाग लिया जिसमें जिमनास्टिक, निशानेबाजी में पहली बार भाग लिया। इसी वर्ष कुश्ती में केडी जाधव ने पहली बार स्वतंत्र भारत में व्यक्तिगत पदक जीता। 1956 में 8 खेलों के 32 इवेंट में 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया, हाकी में एक स्वर्ण जीता। 1960 में 45 खिलाड़ियों ने 6 खेलों में भाग लिया। पहली बार हाकी का स्वर्ण पदक नहीं मिला। 1964 में 53 खिलाड़ियों ने भाग लिया हाकी में एक स्वर्ण पदक जीता। 1968 में 25 खिलाड़ियों ने 5 खेलों में भाग लिया एक कांस्य पदक जीता। 1972 में 41 प्रतिभागियों ने 7 खेलों में भाग लिया पर एक कांस्य हाकी में जीता। 1976 में 26 खिलाड़ियों ने एक भी पदक नहीं जीता इस प्रकार हम कह सकते हैं कि 1947 में स्वतंत्रता के पश्चात पहली बार ऐसा अवसर आया जब भारत के दल को खाली हाथ लौटना पड़ा। 1980 में 76 खिलाड़ियों ने 8 खेलों में भाग लिया हाकी में स्वर्ण मिला। 1984 में 7 खेलों में 48 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 1988 में 46 प्रतिभागियों ने 11 खेलों में, 1992 में 12 खेलों में 52 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 1984 से 1992 तक भारत को एक पदक नहीं मिला। 1996 में भारत के 49 खिलाड़ियों ने 13 खेलों में भाग लिया। टेनिस में एक कांस्य पदक लिएंडर पेस को मिला। 2000 में 13 खेलों में 65 प्रतिभागी शामिल हुए। एक कांस्य पदक भारोत्तोलन में कर्णम मल्लेश्वरी को मिला जो कि भारत की किसी महिला खिलाड़ी को पहली बार मिला। 2004 में 73 खिलाड़ियों ने 14 खेलों में भाग लिया। सिर्फ एक पदक निशानेबाजी में मिला। 2008 में 12 खेलों में 67 प्रतिभागी शामिल हुए। भारत को व्यक्तिगत खेलों में पहली बार निशानेबाजी में स्वर्ण अभिनव बिंद्रा और दो कांस्य के साथ कुल 3 पदक मिले। 2012 में 13 खेलों के लिए 83 प्रतिभागी थे। जिन्हें 2 रजत, 4 कांस्य सहित 6 पदक मिले। 2016 में 117 खिलाड़ियों ने 15 खेलों में भाग लिया और एक रजत, एक कांस्य पदक हासिल किया। 2020 में भारतीय खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, दो रजत, 4 कांस्य सहित सर्वाधिक पदक जीते। यह 122 प्रतिभागियों का सबसे बड़ा दल था।

# शिवनाथ नदी में मर गईं लाखों मछलियां

## शराब फैक्ट्री का दूषित पानी छोड़ने से मौत की आशंका

**मुंगेली,18 जुलाई।** सरगांव क्षेत्र से गुजरने वाली शिवनाथ नदी में लाखों मछलियां मर गई है. शराब फैक्ट्री का दूषित पानी नदी में छोड़ने से मौत की आशंका जताई जा रही है. दूषित अपशिष्ट पदार्थ से नदी का जल भी मैला हो गया है. कुछ महीने पहले पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर ने भाटिया शराब फैक्ट्री मर्चेंट के प्रबधंक को नोटिस जारी किया था. एसडीएम ने शराब फैक्ट्री के दूषित पानी को नदी में छोड़ने से जलीय जीव जंतु के खतरे को लेकर आशंका जताई थी. लाखों मछलियों की मौत पर एसडीएम ने अब पर्यावरण बोर्ड को पत्र लिखने की बात कही है.



**एक नजर**

## कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया

**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र पारिवारिक विवाद के चलते वृद्ध पति ने अपनी ही पत्नी को कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस आरोपी पति गोपीराम यादव (60 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है उतई पुलिस ने बताया कि निवासी गोपी राम यादव ने अपनी पत्नी सकुन यादव 55 वर्ष की कमरे में कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद लाश के साथ आरोपी पति सुबह तक बैठा रहा। घटना को अंजाम देने के पूर्व कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर लिया था। घटना की रात खाना खाकर दोनों अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह होते ही आसपास के लोगों को घटना की जानकारी होने पर उतई पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा को तोड़कर आरोपी गोपीराम को गिरफ्तार किया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दिया गया है मृतका का एक बेटा और बेटी है मृतका आसपास काम पर जाया करती थी, लेकिन पति कुछ नहीं करता था पुलिस के दरवाजा खोलते ही मकान के भीतर खून का धब्बा जगह-जगह पड़ा मिला पुलिस ने बताया कि आरोपी गोपीराम कुछ दिनों से अपने साथ कुल्हाड़ी लेकर सोया करता था इसके अलावा लोगों को बताया करता था कि उसे कोई मार देगा। इसलिए वह कुल्हाड़ी अपने पास रखता है पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि हत्या का कारण जांच के बाद पता चलेगा पति ने अपनी ही पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या की है पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा दिया गया है पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा हत्या का कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## बदमाश को पुलिस ने 55 हजार रुपए के अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया



**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाईनगर थाने का आदतन गुंडा- बदमाश को पुलिस ने 55 हजार रुपए के अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाने में लूट, अवैध हथियार रखने सहित कुल 14 प्रकरण दर्ज हैं भिलाईनगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 07 के पास सागर कंडरा उर्फ मग्गा (24वर्ष) निवासी रुआबांधा बस्ती गांधी चौक नामक व्यक्ति एक काले रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा उसके कब्जे से एक काले रंग के बैग के अंदर रखे एक प्लास्टिक झिल्ली सफेद कलर में मादक पदार्थ गांजा कुल 05 किलो 400 ग्राम कुल कीमती 55000 रुपये बरामद किया गया है पुलिस नेम आरोपी के विरुद्ध 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## नकाबपोश ने पत्थर मारकर कार के शीशे को तोड़ा

**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी में तड़के जामुल थाने के सिपाही के घर के सामने खड़ी कार के शीशे को नकाबपोश बदमाशों ने पत्थर मारकर तोड़ दिया और फरार हो गए दोनों आरोपियों का हुलिया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि एलआईजी 03, कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले जामुल थाने के सिपाही दीपक सिंह की बलेनो कार घर के सामने खड़ी हुई थी तड़के 4 बजे के आसपास बाइक में सवार होकर नकाबपोश आए और कार के पीछे शीशे को तोड़ने के बाद वहां से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने जब आवाज सुनी तो उन्होंने दीपक के परिवार को इसकी सूचना दी।

## सफाई व्यवस्था निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर

**दुर्ग, 18 जुलाई।** नगर निगम कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर हर दिन सुबह सात बजे शहर की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकल रहे हैं.निरीक्षण पर निकले तो सड़क पर सफाई कर्मी महिला झाडू लगा रही थी। इस समय सड़क साफ सुथरी मिली।

# अखाड़े और लंगर के साथ मोहर्रम पर निकले ताजिए



**भिलाई, 18 जुलाई।** हक के लिए अपनी शहादत देने वाले हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में बुधवार को शहर में ताजिए निकाले गए।

शहर के अलग-अलग हिस्से से निकले इस जुलूस में सवारी और अखाड़े भी शामिल हुए। दिन भर रूक-रूक कर होती रही बारिश का असर मोहर्रम के जुलूस पर पड़ा। हालांकि तमाम अंजुमनों ने बारिश को देखते हुए सारे इंतजाम पहले ही कर रखे थे। बारिश के बावजूद जुलूस में शामिल लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रिमझिम बारिश के बीच भीगते हुए लोग इस जुलूस में 'या हुसैन' की सदा बुलंद करते रहे। जुलूस के दौरान जगह-जगह फातिहा ख्वानी चलती रही और दुआओं में कर्बला के तमाम शहीदों को याद किया गया। दोपहर में शहर की तमाम 48 अंजुमन अपने-अपने इमामबाड़े से ताजिए लेकर निकली। खुर्सीपार, कैम्प, पावर हाउस, गफ्फार कालोनी और अन्य हिस्से से ताजिए पावर हाउस पहुंचे। ये सभी ताज़िये, अखाड़ा और तंज़ीमे अपने अपने चौक इमामबाड़ों से जुलूस के साथ अपने तयशुदा रास्तों से दोपहर 2 बजे निकलकर पावर हॉउस ओवर ब्रिज होते हुए इक्विपमेंट चौक पहुंचे। जहाँ से सेंट्रल एवेन्यू रोड होते हुए सेक्टर-5 चौक होते हुए सेक्टर-6 जामा मस्जिद रोड होते हुए कर्बला मैदान पहुंचे। सुपेला क्षेत्र में अंजुमन शहीदीया के साथ-साथ अन्य अंजुमनों के ताजिए फरीद नगर क्षेत्र से निकले। अंजुमन शहीदीया के संस्थापक हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि इस साल सुपेला अंडर ब्रिज बनने की वजह से सुपेला,फरीद नगर,लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर इस्लाम नगर, व बड़ा इमामबाड़ा के तमाम ताजिए फरीदनगर के विभिन्न मार्गो से गदा चौक होते हुए सुपेला चौक अंजुमन शहीदिया इमामबाड़े के पास अपने-अपने ताजिया अखाड़े लेकर पहुंचे। यहां अपने-अपने अखाड़ों के प्रदर्शन के बाद देर रात फोरलेन सैलानी बाबा के मजार के पास कर्बला मैदान पहुंचे। यहां फातिहा ख्वानी के साथ मोहर्रम का जुलूस खत्म हुआ। इसके पहले शहर की रिवायत के मुताबिक मुहर्रम का जुलूस बीती रात यानी 9 मुहर्रम को भी निकला। जिसमें अपनी-अपनी बस्तियों से निकलकर अलग-अलग मार्ग से होते हुए पावर हाउस चौक पर इकट्ठा हुए और अपने-अपने ताजिया-अखाड़े का प्रदर्शन कर सुबह 4 बजे वापस अपने अपने क्षेत्र के इमामबाड़ा पर लौट गए। 9 मुहर्रम की रात फरीद नगर और जेपी चौक-सेक्टर 6 ईदगाह के समीप अलाव का प्रदर्शन हुआ। जिसमें अकीदतमंदों ने अंगारों पर चल कर कर्बला के शहीदों के लिए अपनी मुहब्बत का इजहार किया।



## दासगुप्ता ने मूर्तिकार जतीनदास के साथ किया कलाकृति का अवलोकन

**भिलाई, 18 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई टाउनशिप के हृदय स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मूर्तिकार पद्मभूषण जतीनदास द्वारा निर्मित फ्लाइट ऑफ स्टील कलाकृति की स्थापना की जा रही है। फ्लाइट ऑफ स्टील कलाकृति की स्थापना का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इसके अवलोकन हेतु 17 जुलाई को निदेशक प्रभारी (सेल-बीएसपी) अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने जतीनदास के साथ फ्लाइट ऑफ स्टील कलाकृति स्थल का जायजा लिया। अवलोकन के दौरान जतीनदास के निर्देशन में इसकी पूर्णता हेतु चर्चा की गई तथा क्रमशः किये जाने वाले कार्यो के लिए दिशा निर्देश दिए गये। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, महाप्रबंधक सचिवालय अतुल नौटियाल, महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक सौमिक डे, उप महाप्रबंधक आर गर्ग, सहायक महाप्रबंधक एस के झा, सहायक महाप्रबंधक पी पी रॉय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। ज्ञात हो, यह कलाकृति पूर्व में एफएसएनएल ऑफिस के समीप इक्विपमेंट चौक पर स्थापित की गई थी, किन्तु संयंत्र के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के तहत बने फ्लाईओवर के निर्माण क्षेत्र में आने के कारण, इसका स्थान परिवर्तन कर आकर्षक रंग-रोगन के साथ इसकी पुनर्स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर दौजरी गांव में जल प्रदाय शुरू, ग्रामीणों को मिलने लगा शुद्ध पानी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 जुलाई।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत दौजरी के पम्प को शीघ्र सुधार करने और गंदा, मटमैला पानी मिलने की शिकायत मिलने पर तत्काल संज्ञान में लिया और उन्हें सुधार के निर्देश दिए। पीएचई विभाग के अधिकारी और अमले को हैंड पम्प के पानी को जांच करने और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर पीएचई विभाग द्वारा स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है और अन्य सभी जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन किया गया। गांव के पंप केबल में आई खराबी को ठीक कर जल प्रदाय प्रारम्भ कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता श्री जे. पी. गोंड ने बताया कि ग्राम पंचायत दौजरी की जनसंख्या 1638 है। ग्राम में कुल 5 हैंड पम्प और 10 पॉवर पंप स्थापित है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। विगत कुछ दिनों से पंप केबल में खराबी आ गई थी, जिसमें सुधार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव के सभी स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है और अन्य सभी जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर कबीरधाम जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित गांवों में संचालित सभी जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिले में मौसमी बीमारियों, बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। जिले में कुंआ, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं।

## पेयजल में हाई टर्बिडिटी की शिकायत, विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र



**भिलाई, 18 जुलाई।** टाउनशिप में रहने वाले लोगों को बीएसपी के द्वारा शुद्ध और पीने योग्य पानी नहीं दिया जा रहा है। पानी की समस्या को लेकर भिलाई नगर विधायक ने बड़ी पहल की है। कलेक्टर को पत्र लिख कर बीएसपी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार टाउनशिप क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं। पिछले साल भी जब क्षेत्र में पानी की समस्या थी,तब उन्होंने बड़ी पहल की थी और इस बार भी पानी की समस्या को दूर करने के लिए सबसे पहले प्रयास किया। कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग के साथ ही बीएसपी प्रबंधन के अफसरों से चर्चा कर नागरिको की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए है। विधायक यादव ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा की क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोगों के घरों के नालो में बीएसपी प्रबंधन पीने के लिए जो पानी सप्लाई कर रहा है. उन नलो में अशुद्ध पानी की सप्लाई की जा रही है। जांच में यह रिपोर्ट पीने योग्य नहीं है, बताया गया है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य बिगड़ता है तो उसकी पूरी जिम्मेदार बीएसपी प्रबंधन होगा। बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र के आवासों में हाई टर्बिडिटी युक्त पानी सप्लाई की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसके पूर्व भी इस विषय पर मैने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर पानी शुद्धिकरण संयंत्र एवं सप्लाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की गई थी, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। परंतु आज पर्यन्त तक बीएसपी प्रबंधन की पेयजल सप्लाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है। वर्तमान में टर्बिडिटी युक्त पेयजल सप्लाई की शिकायते गंभीर हो गया है। जो कि बारिश में जनस्वास्थ्य की दृष्टिकोण से नुकसानदेह है।



## ग्रामीणों ने उठाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ

**भिलाई, 18 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 17 जुलाई को ग्राम कचांदुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कचांदुर में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ एम सरस्वती, नर्स श्रीमती रेखा देव सहित बीपी शुगर जांच हेतु फार्मासिस्ट एस एस गौर, पंजीयन हेतु शंभू दयाल तथा सीएसआर विभाग से श्रीमती रजनी रजक उपस्थित थे। इस शिविर में कुल 44 लोगों की जांच करके उनको दवाईयों का वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

## विकलांगों के लिए रोटरी आहार कार्यक्रम का आयोजन




**भिलाई, 18 जुलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल ने रोटरी आहार कार्यक्रम का आयोजन किया, जो दिव्यांग व्यक्तियों के समर्थन और उत्थान के लिए समर्पित पहल है। शांति नगर में मिशन चैरिटी अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में 80 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया। क्लब अध्यक्ष तान्या अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब सचिव प्रियंका लूनिया, कार्यक्रम निदेशक दीक्षा अग्रवाल, विभा अग्रवाल, सपना लूनिया, संगीता राजगरिया, शिखा पाटनी, संगीता गर्ग, अंजू रूंगटा की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। तनुश्री अग्रवाल, दिशा जैन और अंबालिका रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनाकल के समर्पित सदस्य हैं। इन व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों का समापन खुशी, समर्थन और समुदाय की मजबूत भावना से भरे दिन में हुआ। कार्यक्रम निदेशक दीक्षा अग्रवाल, विभा अग्रवाल, सपना लूनिया, संगीता राजगरिया, शिखा पाटनी, संगीता गर्ग, अंजू रूंगटा, तनुश्री अग्रवाल, दिशा जैन और अंबालिका ने कार्यक्रम की योजना और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शारदा विद्यालय में छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**भिलाई, 18 जुलाई।** मंगलवार को शारदा विद्यालय, रिसाली में छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विपिन ओझा चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी द्वारा ईश्वर की चरण वंदना से किया गया। इसी कड़ी में संजय ओझा डायरेक्टर शकुन्तला ग्रूप ऑफ स्कूल्स ने निर्वाचित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शपथ एक भावना है, स्वयं के निर्धारित लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता है, जो संघर्ष से सफलता का रास्ता तय करती है। आज देश और समाज में सुदृढ़ नैतिक मूल्यों को स्थापित करना, स्वच्छता तथा विकास के प्रति कटिबद्ध रहना हर छात्र की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे हृदय से निभाना चाहिए। शपथ ग्रहण की श्रृंखला का आरंभ ग्रीन एंबेसडर की शपथ से हुआ। जिसकी कड़ी में क्लास वाइस कैप्टन, क्लास कैप्टन, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, वाइस हेड बॉय तथा वाइस हेड गर्ल ने भी शपथ ली। अंतिम कड़ी में विद्यालय के हेड बॉय डेनिस कुमार साह तथा हेडगर्ल जैनब खान को चयनित किया गया। उन्होंने शपथ की गरिमा को समझते हुए अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाने की शपथ ली। प्रेरक गीत की भावभीनी प्रस्तुति के पश्चात् प्राचार्या सुतापा सरकार ने विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सभी चयनित सदस्यों को बधाई दी एवं बड़ों का सम्मान करते हुए जीवन में अपने लक्ष्य को पूरा करने की सीख दी। संचालन शिक्षिका अनुपमा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष शशांक गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। समारोह के दौरान विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, हेड मिस्ट्रेस पुष्पा सिहं, सीनियर एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा, वनिता ओझा एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी



## गंदा पानी सप्लाई की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त जांचने पहुंचे बीएसपी फिल्टर प्लांट

**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाई नगर निगम के आयुक्त देवेश ध्रुव टाउनशिप क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई होने की शिकायत मिलने पर बुधवार को बीएसपी के मरोदा फिल्टर प्लांट पहुंचे और निरीक्षण किये। इस दौरान कमिश्नर ने सप्लाई प्रणाली में पानी साफ करने हेतु उपयोग किए जाने रसायन को चेक करवाया। पानी के सैंपल की जांच की तथा वहां के रजिस्टर एवं पानी साफ करने के लिए उपयोग की जाने वाले रसायन की मात्रा आदि का परीक्षण किया। फिल्टर प्लांट के अंदर पानी मानक के अनुरूप सही पाया गया। इसके पश्चात पूरी टीम सेक्टर-4 डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पहुंची। वहां पर भी पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। वहां से सप्लाई किया जा रहा पानी का भी सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया। वास्तविक जानकारी रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगी। टीम द्वारा इस संबंध में बीएसपी के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ऐसी संभावना बन रही है कि पाइप लाइन या जॉइंट के समय कहीं पर लीकेज हो, जिसके कारण पानी मानक के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रहा है। इसके लिए जगह-जगह जाकर घरों में पानी का सैंपल लिया जा रहा है। उसे लैब में जांच करने के लिए भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, श्री भार्गव, अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त देवेश ध्रुव ने बीएसपी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं >

# धनोरा परिक्षेत्रीय कोसरिया मरार पटेल समाज ने किया पौधारोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 जुलाई।** धनोरा परिक्षेत्रीय कोसरिया मरार पटेल समाज के द्वारा ग्राम खम्हरिया में वृक्षारोपण कर बैठक सम्पन्न किया गया उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष आत्मा राम पटेल प्रदेश महामंत्री कुबेर पटेल दुर्ग राज सचिव मनेन्द्र पटेल एवं युवा प्रकोष्ठ गजेन्द्र पटेल उपस्थित हुए बैठक में समाज के गतिविधियों पर चर्चा किया गया जिसमें जिला युवा प्रकोष्ठ गठन महिला मोर्चा गठन 28 जुलाई दुर्ग राज पंच बैठक समाज के विकेन्द्रीयकरण पर चर्चा साथ ही ग्राम खम्हरिया मुक्तिधाम के समीप नर्सरी में धनोरा परिक्षेत्रीय मरार पटेल समाज पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बैठक में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष यशवंत पटेल उपाध्यक्ष शेष नारायण पटेल सचिव फलेन्द्र पटेल कोषाध्यक्ष रमेश पटेल कल्याण पटेल मोहन पटेल रोमन, परमेश्वर,राज पंच अनुज पटेल, राज पंच कल्याण पटेल मोहन पटेल रविश, नुमेन्द्र, प्रदीप,थैलेश रामानंद पटेल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लीला बाई पटेल कामिनी पटेल प्रभा पटेल लक्ष्मी पटेल रेवती एवं गायत्री पटेल उपस्थित रहे,यह जानकारी मिडिया प्रभारी मनोज पटेल दी।

## एक नजर

### अवैध कार्यों के विरुद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 17/07/2024 को थाना छुरिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने ईमली पेड के नीचे बोईरडीह रोड छुरिया पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे मुकेश मालेकर पिता देशराज मालेकर उम्र 31 साल साकिन वार्ड नंबर 01 छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होन एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोडा गया है । आरोपी के कब्जे से एक गुलाबी रंग के कपडे के थैला में 19 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा प्रत्येक में 180-180 मिली0 कुल 3.420 बल्क लीटर कीमती 1710/-रूपये एवं नगदी रकम 200/-रूपये कुल जुमला 1910/-रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया । उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 780 अंजीत नेताम, आरक्षक 1666 राकेश मंडावी एवं आरक्षक 1596 भुनेश्वर वर्मा का विशेष योगदान रहा।



**रायपुर, 18 जुलाई।** एचडीएफसी बैंक ने शंकर नगर में अपनी नई शाखा की शुरुआत की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव बैंक कर्मचारियों की उपस्थिति में शाखा का उद्घाटन किया।

### छत्तीसगढ़ को अयोध्या तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

**रायपुर, 18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। श्री साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी।

### निधन संध्या श्रीवास्तव



डोंगरगढ़। एक बत्ती पांच रास्ता निवासी संध्या श्रीवास्तव 52 वर्ष का हृदयघात से मंगलवार रात निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय श्रीवास्तव की पत्नी थी। अपनें पीछे एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। श्रीमती श्रीवास्तव के निधन पर कायस्थ समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

# छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजनाएं जल्द होगी शुरू

**रायपुर, 18 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।



**धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना (240 किमी)**-मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगाँव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

**अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना (200 किमी)**-इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।

**खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना (277 किमी)**-मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

**रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना (140 किमी)**-रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा।

## कांकेर विधायक को संविदा शिक्षकों ने समस्याओं से कराया अवगत

**मोहला,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के संविदा शिक्षकों के द्वारा मिली जानकारी में बताया गया कि, स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ संविदा शिक्षक संघ के कर्मचारियों ने कांकेर विधायक आसाराम नेताम, एवं पूर्व वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, पूर्व सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र एवं वर्तमान विधायक अंतागढ़ विधान सभा क्षेत्र



विक्रम उसेंडी से सौजन्य मुलाकात करके अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से भेंट मुलाकात करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया, जिस पर कांकेर विधायक नें मुख्यमंत्री के पी. ए. से फोन पर बात करके अवकाश दिवस में भेंट मुलाकात कराने का आश्वासन दिया, जिससे कि छात्रों के अध्ययन अध्यापन में कोई भी व्यवधान उत्पन्न ना हो द्य इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से जे स संविदा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी, कांकेर जिला अध्यक्ष चंद्रहास यादव, उपाध्यक्ष तिजेंद्र यदु, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला अध्यक्ष लोकेश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष सुश्री नैरीति कदम एवं जिले के सभी ब्लॉक से सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री से मिलकर पूर्व सेवा से पुरानी पेंशन देने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की चर्चा

**मोहला,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।**छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन मोहला मानपुर अ.चौकी के जिलाध्यक्ष श्रीहरी,ललिता कन्नौजे,रमेश सोनी,भेषराम रावटे,राममणि द्विवेदी,रूपेंद्र नन्दे,सुधन कोरेटी,चेतन भुवार्या,रविंद्र रामटेके,हिमेश्वरी देवांगन,किशोर देवांगन,संजय देवांगन,दिवाकर बोरकर,सरोज साहू,दिलीप धनकर,जीवन नेताम,अगंद



सलामे,ने बताया कि शिक्षक एल बी संवर्ग की समस्या को लेकर थानसिंह दीवान सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महासमुंद के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिक्षक एल बी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मिलकर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे है, संविलियन के समय से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नही हो रहे है, यह स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए होगा, यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एल बी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर होते है। माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकत करने वाले प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, योगेश सिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, नारायण चौधरी, संतोष सिंह, भूषण लाल चंद्राकर, गोपाल जायसवाल, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, सालिकराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, नवधा चंद्रा, रवि कुम्भकार, परमेश्वर चंद्रा, गेवाराम नेताम, कैलाश साहू, राहुल नेताम, बलराम तारम, आशीष नायक शामिल थे।

## खेती-किसानी के दिन में किसानों को भाजपा सरकार में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

**डोंगरगढ़,18 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा वर्तमान भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश के पटवारी हड़ताल में चले गए हैं इसके कारण खेती किसानी के दिन में किसानों को इस भाजपा सरकार में और समस्या का सामना करना पड़ रहा है सभी 32 सूत्री मांगों पर पटवारियों ने भुईया सॉफ्टवेयर में बहुत अधिक त्रुटियां और विसिंगती है कई कृषको का नाम गायब हो जा रहा है कई खसरा नंबर दूसरे के खाते में जाकर जुड़ जा रहे हैं नाम में पिता सेव करने पर पति हो जा रहा है ऑनलाइन प्रविष्टि गायब हो जा रही है यहां तक लिपिकीय त्रुटि होने पर उसमें भी पटवारी सुधार नहीं सकता श्याम यदि श्यामा हो जाता है तो उसको सुधारने के लिए एसडीएम कार्यालय में धारा 114, 115 के अंतर्गत आवेदन लगाना पड़ता है जो कार्य 10 मिनट में हो जाता उसे पूर्ण करने में महीनों और सालों लव जाता है इसी प्रकार ऑनलाइन कार्य के लिए पटवारियों का कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर की सुविधा ना नेट सुविधा है। भुवनेश्वर ने बताया इस आंदोलन से नामांतरण खाता विभाजन खरीदी बिक्री के कार्य रुक गए हैं बच्चों का आय जाती निवासी प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है राजस्व यायालय की कार्य शुरु पड़े हैं नजरी नक्शा के ना बन पाने के कारण अपराधों के चार्ज सीट न्यायालय में जमा नहीं हो पा रहे राजस्व पकड़ा का कार्य ठप्प पड़ गया है



भूस्वामीत्व योजना के कार्य लटक गए हैं इसे लगातार राजस्व से संबंधित सभी मामले थम गए हैं भुनेश्वर ने बताया इन समस्याओं के चलते आज तक की गांव में बंदोबस्त त्रुटि सुधार नहीं हो पाई है। भुनेश्वर ने बताया कि वर्तमान सरकार ड्रोन व अन्य माध्यमों से यह अडानी की जीओ कंपनी से पूरे प्रदेश की गिरदावरी करा रही है ताकि पूरे प्रदेश की जमीन का डाटा उसे मिल जाए और हो सकता है बदले में सरकार उसे भुगतान भी करे पर बिना बंदोबस्त रोटी सुधारें यह कार्य भी असंभव है भुनेश्वर ने कहा कि पटवारियों की किसान हित वह जनहित में ही गई समस्त मांगो का वह उनके साथ है वर्तमान भाजपा सरकार को पटवारियों की मांग पूरी करनी चाहिए ताकि राजस्व मामले सुचारु रुप से चल सके।

## राजधानी में गौहत्या होना सरकार के निकम्मेपन का प्रमाणः कांग्रेस

**रायपुर, 18 जुलाई।** कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार पर गौ हत्यारी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार की नाक के नीचे राजधानी रायपुर में गौसेवकों गौ मांस का पकड़ा जाना पूरे प्रशासनिक फेलियर और सरकार के निकम्मेपन का प्रमाण है। सरकार अपनी असफलता छुपाने सजा बढ़ाने को प्रचारित कर रही है, जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नही की जा रही है। जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है गांव तस्करी की घटनाएं बढ़ गई है। फरवरी 2024 में कुम्हारी, सरोना के पास 120 गायों से भरे कंटेनर गौसेवकों ने पकड़ा था, जिसमें 13 गायों की मौत हो चुकी थी। हाईवे में फर्जी नंबर प्लेट लगा कंटेनर सरपट दौड़े, यह बिना सरकारी संरक्षण के संभव नहीं। आरंग में हाल ही में महानदी पुल पर गौ तस्करी के आरोप में लिंचिंग में तीन लोगों की हत्या हुई और अब राजधानी रायपुर के गुढियारी में गौ मांस पकड़े जाने की घटना, भारतीय जनता पार्टी की संवेदनहीनता, अकर्मण्यता, गौ तस्करों और गौ हत्यारे को मिलने वाले संरक्षण का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी गाय और गोबर के नाम पर केवल राजनीति करती है, काम कुछ नही, उल्टे ये तो बीफ कंपनियों से चंदा खाते हैं, फर्जी गौशालयों को अनुदान देकर उनसे कमीशन वसूलते हैं। इलेक्टोरल बांड और पार्टी फंड में बीफ कम्पनियों से भाजपा द्वारा वसूले गए चंदे, छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा की सरकार के दौरान शगुन गौशाला, मयूरी गौशाला और सेठ फूलचंद गौशाला जैसे उदाहरण सर्वाधित हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में गौ संरक्षण के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के द्वारा बनाई गई।

## शहीदों की याद में डोंगरगढ़ पुलिस ने किया पौधारोपण



**डोंगरगढ़ ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शहीदों की याद में डोंगरगढ़ पुलिस के द्वारा ऊपर मंदिर पहाड़ी के पीछे बने पुलिस क्वार्टर के सामने पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर व कांग्रेस की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज चौहान सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं भाजपा की ओर से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मंडल अध्यक्ष अमित जैन सहित अन्य पदाधिकारी इस पुनीत कार्य में शामिल हुए और सभी ने मिलकर पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से अपने अपने नाम का एक-एक पौधारोपण किया। इसके अलावा थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, एस आई राजेश श्रीवास्तव, श्री गोस्वामी सहित सभी पुलिस स्टॉफ ने भी पौधारोपण किया। इसके पश्चात विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कुरुभाट स्थित रावटी पहाड़ी में भी विधिविधान से पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया।

## सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोसिएशन के साथ : साव

**रायपुर,18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोशिएशन के साथ है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सराफा व्यवसाय किसी प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। जेम एंड ज्वेलरी की बहुप्रतिक्षित मांग को भी पूरा करवाने सरकार से पहल करने की बात उन्होने कही। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित



समारोह में एसोशिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को अतिथियों ने लॉन्च किया। बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य श्री सुनील ओटवानी ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा और कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रुप में शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने नेतृत्व में प्रदेश भर के सराफा व्यापारियों को एकजुट करने का काम करेंगे। सराफा व्यवसाईयों के हितों के संरक्षण के साथ ही समाज सेवा का महती कार्य एसोशिएशन के माध्यम से होगा, ऐसा वे उम्मीद करते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोशिएशन के साथ खड़ा है।

## हमर हरियर डोगरगांव अभियान के तहत थाना परिसर में पौधारोपण किया गया

**डोंगरगाव,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** हमर हरियर डोंगरगांव पेड़ पौधे लगाओ अभियान के अंतर्गत थाने परिसर के चारो ओर वृहद स्तर



पर वृक्षारोपण कर डोगरगांव नगर सहित पूरे विकास खंड को हरा भरा रखने प्रारंभ की गई पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार सभी थाने में वृक्षारोपण दिनांक 17.07.24 को प्रस्तावित था , इस तारतम्य में थाना डोंगरगांव परिसर में वृहद वृक्षारोपण कर पुलिस स्टाफ द्वारा सराहनीय योगदान दिया। वृहद वृक्षारोपण के तहत सागौन बरगद, पीपल, गुलमोहर, आम, करौंदा, करंज आदि पौधे का रोपण किया गया । पुलिस स्टाफ द्वारा इस पौधारोपण के साथ ही साथ उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी ली गई है वृक्षारोपण कार्यक्रम मे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह, एस आई दिनेश कुमार धृतलहरे, भानू प्रताप यादव लाभा राम ध्रुव, एएसआई विजय साहू, देव कुमार रावटे, ईश्वर यादव, रविशंकर पैकरा, आरक्षक भूपेंद्र कोचे, प्रकाश चंद्रवंशी, बद्री दिनकर, कल्पना, संदीप देशमुख, आशा राम ध्रुव, नंद कुमार मंडावी, ओमकार कुर्रे , जीतेश साहू, चंद्रपाल कौशल सुधाकर राकेश साहू गुलशन कंवर महत सिंग वीरेंद्र मंडावी अभिलाषा राजकुमारी, भुमिका यादव सहित आम नागरिक सम्मिलित हुए थे।

## सटोरिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 16/07/2024 को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना मिलने पर छुरिया बाजार चौक तालाब के उपर पान ठेला के पीछे कोई व्यक्ति अंको पर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर मुखबीर के बताये पते पर रेड किया तो एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिखते मिले जिसे नाम पता पुछने पर अपना नाम विपिन कुन्जाम पिता प्रीतम कुन्जाम उम्र 21 साल साकिन वार्ड नंबर 10 छुरिया थाना का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक कोरे कागज में लिखा सट्टा-पट्टी, एक डाट पेन एवं नगदी रकम 800/-रूपये मिला जिसको गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होन एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोडा गया है ।




# जब तक जल व वृक्ष है तब तक जीवन है : रमन सिंह

**राजनांदगांव 18 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा गांधी सभागृह में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगरवासियों को 300 से अधिक फलदार, छायादार और सुंगधित फूल के पौधों का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी माँ स्वर्गीय श्रीमती सुधा देवी सिंह के नाम बरगद का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी अपनी माँ के नाम पर पौधा लगाया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है। इसलिए जल संरक्षण एवं वृक्ष लगाना हमारे लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक चिंता में है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण की ही बात की जा रही है। विश्व में जल संरक्षण एवं ओजोन परत में क्षति और कार्बन उत्सर्जन सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से मौसम में परिवर्तन आया है। जहां बारिश हुई तो बहुत होती है, नहीं तो महीने भर बारिश नहीं होती है। प्रकृति का नया-नया रूप देखने को मिल रहा है, उसके लिए हम सभी दोषी है। जंगल को कटने से बचाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के चारों तरफ समुद्र का पानी है। दुनिया में जितना पानी उपलब्ध है। उसका सबसे बड़ा हिस्सा 94 प्रतिशत पानी समुद्र के हिस्से में हैं। जिसका उपयोग पीने, खेती एवं अन्य उपयोग में नहीं ला सकते हैं। पृथ्वी के नीचे और नदियों, तालाबों का पानी रिसायकल होकर गिरता है। उन्होंने बताया कि 0.5 प्रतिशत ही पानी इस दुनिया के लिए उपयोगी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जब वृक्षारोपण की बात हो रही है। एक पेड़ अपनी माँ के नाम से लगाने से निश्चित रूप से भावनात्मक रूप से हम जुड़े हैं। उस प्रकृति से जुडने् और एक-एक पेड़ ले जाएंगे और उचित स्थान में लगाएंगे। माँ के नाम पेड़ है तो इसलिए उसका रक्षा का दायित्व और कर्तव्य भी है। उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो आपके




बचाने के लिए हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम सब का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से हम सभी जीवन में खुशहाली आएगी और माँ का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए लगाते हैं। किसी पीढ़ी ने पेड़ लगाया उसका फल आज हम ले रहे हैं। आप जो पेड़ लगाएंगे उसे आने वाली पीढ़ी आपको धन्यवाद देगी। इसकी शुरूआत हुई है, यह सतत चलता रहे। हमारा राजनांदगांव हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के साथ विदेशों में होने वाले सभी कार्यक्रम में विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व को बताया कि भारत पूरी धरती को कुटुम्ब मानती है और पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन व विविधता के विषय में चिंतन एवं वनों के संबंध में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एक पेड़ माँ के नाम पर लगा रहा है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के साथ समरसता रही है और इसके बिगडने् पर देश व विश्व में विकृति आयी है।

संपादकीय

## स्थानीय को आरक्षण

कर्नाटक में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की कवायद पर जहां खुशी का इजहार किया जा रहा है, वहीं इसके विरोधी भी कम नहीं हैं। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने तो एक्स पर आधिकारिक रूप से एक संदेश भी पोस्ट कर दिया था। संदेश बहुत स्पष्ट था कि कर्नाटक में सी और डी ग्रेड की तमाम निजी नौकरियों में स्थानीय लोगों को 100 फीसदी आरक्षण मिलेगा। यह खबर जंगल में आग की तरह फैली और मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट हटा ली। अब कर्नाटक सरकार की ओर से जो आधिकारिक बयान जारी हुआ है, उसके अनुसार, राज्य में निजी कंपनियों की नौकरी में स्थानीय लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। यह आरक्षण गैर-प्रबंधन भूमिकाओं के लिए 70 प्रतिशत और प्रबंधन स्तर के पदों के लिए 50 प्रतिशत है। दरअसल, कर्नाटक तेजी से उभरता हुआ राज्य है और बड़ी संख्या में यहां आईटी कंपनियां सक्रिय हैं, जिनमें बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के लोग काम कर रहे हैं। जब इन तमाम कंपनियों में आरक्षण लागू हो जाएगा, तब जाहिर है, कर्नाटक के बाहर से आए लोगों के लिए वहां रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। कर्नाटक का यह फैसला स्थानीय रूप से भले ही वहां की राजनीति को पसंद आए, पर यदि अपेक्षाकृत रूप से विकसित हर राज्य ऐसे ही आरक्षण का सहारा लेने लगे, तो उन राज्यों का क्या होगा, जो पिछड़े हुए हैं और जहां जरूरत के हिसाब से बहुत कम रोजगार उपलब्ध है? मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की थी कि ह्वहमारी सरकार की आकांक्षा है कि कन्नड़ भूमि में किसी भी कन्नड़ को नौकरी से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। हमारी सरकार कन्नड़ समर्थक है।ह्ल वास्तव में कर्नाटक राज्य अपने इस मकसद को पूरा करने के लिए कानून बनाने जा रहा है और इस विधेयक की समीक्षा अवश्य होनी चाहिए। स्थानीय लोगों को खुश करने के लिए अगर यह आदर्श विधेयक है, तो क्यों न हरेक राज्य इस लागू करें? हालांकि, इसमें उन राज्यों को बहुत नुकसान होगा, जहां निजी नौकरियां कम हैं। सरकारी स्तर पर तो समय-समय पर कुछ राज्य स्थानीय लोगों को खुश करने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन निजी क्षेत्र के सहारे स्थानीय लोगों को खुश करने की यह कोशिश काबिल-ए-गौर है। विरोध के बावजूद, लगभग तय है कि यह रोजगार संबंधी विधेयक गुरुवार को कर्नाटक विधानसभा में पेश कर दिया जाएगा। दरअसल, यह मामला केवल स्थानीय राजनीति से नहीं, बल्कि भाषा की राजनीति से भी जुड़ा है। कर्नाटक सरकार यह कोशिश कर रही है कि राज्य में नौकरी के लिए कन्नड़ ज्ञान को अनिवार्य बना दिया जाए। वैसे, राज्य के ही कई उद्यमियों ने इस कदम पर आपत्ति जताते हुए इसे भेदभावपूर्ण करार दिया है और आशंका जताई जा रही है कि इससे तकनीकी उद्योग को नुकसान हो सकता है। इस फैसले को फासीवादी और असांविधानिक भी कहा जा रहा है। एक आशंका यह भी है कि निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी सरकारी अधिकारियों का दखल बढ़ जाएगा। इससे सेवाओं की गुणवत्ता और कर्नाटक की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। वैसे, सरकार रोजगार के अभाव में ही यह कदम उठा रही है। दरअसल, आज न सिर्फ कर्नाटक, बल्कि देश के तमाम राज्यों में बडे.पैमाने पर रोजगार सृजन की जरूरत है और यह प्रस्तावित विधेयक इसी ओर इशारा कर रहा है।

**कर्नाटक में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की कवायद पर जहां खुशी का इजहार किया जा रहा है, वहीं इसके विरोधी भी कम नहीं हैं। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने तो एक्स पर आधिकारिक...**

सकारात्मक

# अनुभव मनुष्य के जीवन की बहुत बड़ी ताकत

किशन सनमुखदास भावनानी



मानवीय जीवन में प्रत्येक मनुष्य में अनुभव की ऐसी अनेक विशेषताएं पाई जाती है जिसके बल पर समाज राष्ट्र में उनका आंकलन सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। मसलन,कोई मनुष्य इमानदार, महत्वकांक्षी,परोपकारी सेवाभावी अनुभवी इत्यादि सैकड़ों सकारात्मक विशेषताएं हो सकती है और अपराधी,गुस्सैल,चिड़चिड़ा बेईमान, चोर उचक्का, लफंगा इत्यादि सैकड़ों नकारात्मक विशेषताएं हो सकती है जिसके आधार पर समाज और राष्ट्र में उन व्यक्तियों के चरित्र का आंकलन कर उसे आगे बढ़ाया जाता है उसके आधार पर उसके भविष्य की सफलता, असफलता निश्चित होने में सहायक होती हैं। आज के आर्टिकल में हम इस एक बहुत बड़ी मानुषी ताकत अनुभव पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम सीनियर्स का अनुभव प्लस युवा कार्यबल इक्वल टू विजन 2047 की करें तो दोनों के गठजोड़ से 2047 में भारत एक ऐसा देश होगा जो जीवन के हर पहलू में समृद्ध होगा। इसने खुद को वैश्विक नेता के रूप में बदलने के लिए प्रौद्योगिकी नवाचार और शिक्षा की शक्ति का सफलतापूर्वक उपयोग किया होगा। सरकार अपने नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय होगी और ऐसी नीतियों को लागू करेगी जो आबादी की समग्र भलाई सुनिश्चित करती हैं।2047 में भारत की सबसे खास विशेषताओं में से एक बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा। देश में सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों का एक अच्छा जुड़ा हुआ नेटवर्क होगा, जिससे लोगों के लिए देश-विदेश में यात्रा करना आसान हो जाएगा। सरकार ने स्मार्ट शहरों के विकास में भी भारी निवेश किया होगा, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन शहरों को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा, जिससे वे रहने और काम करने के लिए आदर्श स्थान बनेंगे।2047 में भारत की सबसे खास विशेषताओं में से एक बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा। देश में सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों का एक अच्छा जुड़ा हुआ नेटवर्क होगा, जिससे लोगों के लिए देश-विदेश में यात्रा करना आसान हो जाएगा। सरकार ने स्मार्ट शहरों के विकास में भी भारी निवेश किया होगा, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन शहरों को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा, जिससे वे रहने और काम करने के लिए आदर्श स्थान बनेंगे।अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के संदर्भ में, 2047 में भारत वैश्विक समुदाय का एक सम्मानित सदस्य होगा। देश के कई देशों के साथ मजबूत राजनयिक संबंध होंगे और वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में एक प्रमुख खिलाड़ी होगा। इसने जलवायु परिवर्तन औरआतंकवाद जैसी प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करने और उनसे निपटने में भी अग्रणी भूमिका निभाई होगी। यह इन दबावपूर्ण मुद्दों का समाधान खोजने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर काम करेगा। 2047 में भारत एक ऐसा देश होगा जो संभावनाओं से भरा होगा और 21वीं सदी में वैश्विक नेता बनने की क्षमता रखेगा। यह एक ऐसा राष्ट्र होगा जिसने अपने विकास और वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी,नवाचार और शिक्षा को अपनाया है औरभविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में होगा।

साथियों बात अगर हम अनुभव जिंदगी से कमाया हुआ फल की करे तो, अनुभव का विशेष स्थान है। यह अनुभव सामान्य हों या महत्वपूर्ण सभी इंसानों के जीवन में महत्व रखता है। इनसे हानि का कोई आधार नहीं होता। बल्कि इनसे तो जीवन निखरता है। यदि हम वास्तविकता में अपना मूल्य बढ़ाना चाहते है और अपनेजीवन की सफलता सुनिश्चित करना चाहते है, तो अपने अनुभवों से सीख लेना अभी से शुरू कर दें। क्योंकि हमारे अनुभव हमारी जिंदगी से कमाया हुआ वह फल है, जो हमको हर समय काम आयेगा। हमारे अनुभव हमारी ऐसी कीमती वस्तु हैं जो, जितना अधिक पास होगा, उतना ही वो खास होगा और हम सारे जहा में बाट सकेंगें, फिर भी वो खतम नहीं होगी। जब भी किसी इंसान के जीवन में कोई मुश्किल परिस्थिया आती है तब वो इंसान उन परिस्थियों का सामना अपने पूर्व अनुभव के आधार पर करेगा इसी प्रकार ज्ञान प्राप्ति का एक प्रमुख मार्ग अनुभव होता है और अनुभव से हम अपना जीवन सफल बना सकते है।

साथियों बात अगर हम अनुभव जिंदगी का एक शिक्षक होने की करें तो अनुभव ही हमारा सबसे बड़ा शिक्षक होता है क्योकि जो ज्ञान हमें अनुभव से मिलता है वो और कही पर नहीं मिलता ज्ञान तो हमें किसी के पास भी मिल सकता है लेकिन अनुभव सिर्फ खुद से ही मिलता है और एक बात अनुभव किसी बाजार में नहीं मिलता वो तो बस हमारी परिस्थियों से हमें मिलता है हमारे कार्य से मिलता है। जब भी हम कोई कार्य करते है तो वो कार्य सफल भी हो सकता है और असफल भी हो सकता है। अगर मान लीजिये की हम उस काम को करने में असफल रहे तो हमको एक नया अनुभव सीखने को मिलेगा कि काम को इस तरीके से करने से इस काम में असफलता मिलती है और दूसरी बार हम उस काम को अलग तरीके से करते है और हमको सफलता मिलता है तो भी हमको उस काम को सही तरीके से करने का अनुभव प्राप्त होता है। यानें कि अनुभव हमें हमारी भूलो से प्राप्त होता है। आज हर एक इंसान जन्म से लेकर मौत तक तरह, तरह का अनुभव लेता है याने कि इंसान के जीवन की शरुआत अनुभव से होती है हर एक इंसान के पास कुछ ना कुछ अनुभव होता है फिर वो किसी भी चीज का हो सकता है लेकिन अनुभव होता है। कोई इंसान हमको कुछ सलाह देता है वो उनके अनुभव के आधार पर हमको सलाह देता है क्योकि हम भी वो गलती न करे जो उसने की है। वो अनुभव से कह सकता है इंसान कई बार जाने अनजाने ऐसी गलतिया करता है जिसका बहुत बुरा परिणाम हमें मिलता है लेकिन वही गलतियां हमारे जीवन को मधुर बनाने का आधार बनती है। इसलिए ऐसा कहा गया की गलती करना कोई मूखर्ता नहीं है लेकिन अपनी गलती फिर से दोहराना मूखर्ता है या फिर गलती से कुछ न सीखना मूखर्ता है। इसलिए हम अपनी गलती से भी कुछ सीखे कुछ अनुभव ले ताकि वो गलती दूसरीबिलकुल बार न हो।

साथियों बात अगर हम अनुभव की करें तो यह किसी समाज, शिक्षण संस्था या बाजारों में मिलने या सीखने वाला गुण नहीं है बल्कि हर व्यक्ति का उसके जीवन यात्रा याने उम्र के बढ़ते चरण में आई परिस्थितियों में ढलकर, बहुमूल्य सीख के रूप में प्राप्त होता है यह जीवन की कमाई और अनमोल खजाने में से एक है क्योंकि यह हर व्यक्ति के पास होता है चाहे वह अमीर हो या गरीब, पढ़ा लिखा हो या अनपढ़, बस जरूरत है अपने इस अनुभव के गुणों को पहचानने की।

साथियों बात अगर हम अनुभव पर बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो हमने सुने होंगे, यह बाल कोई धूप में सफेद नहीं किया, बड़ा तजुर्बेगार है, तजुर्बे का धनी है, अनपढ़ है पर तजुर्बेगार है, कितने साल का तजुर्बा है, अनुभव का तकाजा है, अनुमान गलत हो सकता है पर अनुभव नहीं,अनुभव का बादशाह है इत्यादि इत्यादि।

साथियों बात अगर हम अनुभव की महत्वता की करें तो अनुभव मानवीय जीवन से जुड़ा एक अनमोल खजाना है इसी के बल पर मनुष्य बड़ी शोहरत प्राप्त करता है शासकीय, प्रशासकीय, निजी, बहुत बड़े-बड़े पदों पर नीतियां, रणनीतियां बनाने अनुभव के आधार पर ही प्रमोशन, नियुक्तियां होती है। केंद्र या राज्य सरकारों में मंत्रियों की नियुक्ति का एक महत्वपूर्ण आधार अनुभव भी होता है जिसका लाभ सिस्टम और जनता तक पहुंचाने के लिए उस प्रॉपर व्यक्ति की नियुक्ति उस मंत्रालय के हेड के रूप में की जाती है, यानें हम कह सकते हैं कि अनुभव एक ऐसी चाबी है जिससे अति पुरानें और बिगड़े ताले को खोलने याने समस्याओं के समाधान के लिए सरल उपाय होता है जो बहुमूल्य अस्त्र का काम करता हैं।अनुभव पाने के लिए इंसान गलती कर सकता है लेकिन अनुभव पाने के बाद इंसान गलती कभी नहीं करता एक शिक्षक हमें पहले पढ़ाते है उसके बाद हमारी परीक्षा लेते है जबकि अनुभव पहले हमारी परीक्षा लेता है उसके बाद हमें सिखाता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक संबोधन की करें, तो पीआईबी के अनुसार अनुभव के बारे में उन्होंने कहा कि, एकेडमिक ज्ञान की कभी-कभी बहुत सीमाएं होती हैं, वो सेमिनार में काम आता है लेकिन अनुभव से जो प्राप्त हुआ होता है उसमें समस्याओं के समाधान के लिए सरल उपाय होते हैं। उसमें नयापन के लिए अनुभव का मिश्रण होने के कारण गलतियां कम से कम होती हैं। और इस अर्थ में अनुभव का अपना एक बहुत बड़ा महत्व होता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपके चारों ओर का वातावरण सुखमय व खुशनुमा बना रहेगा। अगर घर में कोई सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो वास्तु संबंधी नियमों का पालन करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आप अपने कार्यों को जितनी तन्मयता और मेहनत से करेंगे, उसी के अनुरूप उचित परिणाम भी हासिल होंगे। छात्र किसी खास मामले में एकांत और शांति से विचार करेंगे, तो सब ठीक हो जायेगा।

वृष राशिःआज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज व्यक्तिगत मामलों को लेकर कुछ प्लानिंग होगी, साथ ही अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। छात्रों को किसी काम में की गई मेहनत के उत्तम परिणाम मिलेंगे। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस बनाकर रखने में कामयाब रहेंगे। जीवनसाथी से कोई बहुमूल्य उपहार मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज सकारात्मक रहने से आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी राजनैतिक अथवा प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। काम का बोझ अधिक रहेगा, परंतु उसके उचित परिणाम मिलने से आप थकान भूल जाएंगे। लवमेट के रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

कर्क राशिःआज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने की बजाय अपने कामों पर ही ध्यान देंगे। बाहरी गतिविधियों में ज्यादा आवाजाही से परहेज करेंगे तो बेवजह आपका समय ख़राब नही होगा। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता आज अपने बच्चो को कुछ मीठा बना के खिला सकती हैं।

सिंह राशिःआज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या रखने से हर काम समय पर होगा इससे आप अन्य गतिविधियों की तरफ भी ध्यान देने में सफल होंगे, साथ ही आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। घर की सुख सुविधाओं संबंधी कामों में भी आपका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आज धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी रूचि रहेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा, जिससे पहचान का दायरा बढ़ेगा, व्यवहारिक सोच रखने से अपनी कार्यकुशलता में निखार आयेगा। परिवार तथा सगे संबंधियों के लिए भी आप उचित समय निकाल लेंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को लाभदायक अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज प्रॉपर्टी अथवा वाहन की खरीदारी से संबंधित कुछ योजनाएं बनायेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक कार्यों में बिताएंगे, इससे आत्म बल और सुकून बना रहेगा। आज आपके ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनो से चल रही समस्याएं आज माता-पिता की सलाह से ख़त्म होंगी। आज आप दूसरों के मामले में ज्यादा हस्तक्षेप करने से परहेज करेंगे। दोस्तों के साथ मिलकर कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन ख़त्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते। आज सिर दर्द की समस्या से आपको राहत मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशिःआज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज अधिक कार्यभार की वजह से पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। आज बच्चों पर अधिक रोक- टोक ना लगाएं, इससे उनके आत्मबल में कमी आ सकती है। जो लोग रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं वे लोग नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच कर सकते हैं। जीवनसाथी आज आपसे किसी उपहार की मांग कर सकते है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बिजनेस का कोई फैसला जल्दबाजी में न लें। अपने काम करने के तरीको में थोड़ा बदलाव लाने की भी जरूरत है। आज व्यापार में ऑनलाइन कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आज ऑफिस में सहयोगियों तथा कर्मचारियों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। बैक श्वड्डद्ध से जुड़ी परेशानी के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं, आपको बढ़िया समाधान मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज निवेश करते समय किसी अनुभवी की सलाह लेना आपको भविष्य में लाभ दे सकता है। सकारात्मक नजरिया रखने से विपरीत परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आज बच्चों की किसी विषय को लेकर चल रही समस्या भी दूर होगी। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको खुशी महसूस होगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिः आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। आज कार्यस्थल पर अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाने से स्थिति में कुछ सुधार आएगा। कुछ नए कार्यों के प्रति भी रूचि रहेगी। आपका व्यापारिक दृष्टिकोण आपकी तरक्की में सहायक रहेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी। घर में धार्मिक कार्य करने की योजना बन सकती है। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात करके समय बितायेंगें।

## सुनो भाई उधो अरे तोला का भइगे..?

परमानंद वर्मा

देखत हौं, एकर चाल ला? अभी हकन के देहूं, ठठा देहूं तब जउन ए इतरावत हे ना तउन सब घुसड़ जाही। जान दौ... जान दौ काहत हौं तब एकर मतलब ए तो नइ होवय के मुड़ी चढ़के मूतय, छानही मं होरा भुंजय?

गुड़ी चंवरा मं बइठ के भकाड़ू पइरा डोरी बरत रहिथे तब नंदू ढेरा चलावत पटवा डोरी बनावत रहिथे ततके बेर महावीर भइया बजार कोती आवत रिहिसे तउन हा दूनो झन ल साहेब बंदगी, सत कबीर काहत जय जोहार करथे।

भकाड़ू पूछथे- कते डहर ले आवत हस साहेब, गजब दिन मं दीखत हस? तब ओहर बताथे- काला बताबे भइया, अरे अमलेसर मं गुरु साहेब के सत्संग चलत रिहिसे उहिचे गे रेहेंव। परन दिन आय हौं, चलव धान बोनी, खेती किसानी के दिन आगे हे, अब भिड़े जाय।

अब देख न साहेब, ये बादर हा तो आंखी-कान ल निच्चट मूंद दे हे गा, एको बूंद तो भला टपकतिस? भकाड़ू के बात ल सुनके महावीर कहिथे- टपकही कहां ले, रुख-राई, नदिया-नरवां, जंगल, पहाड़ के तो सतियानास करत हौ। प्रकृति दाई के आंसू ल जाके तो भला देखव, रो-रो के बारा हाल होगे हे। ओकर लोग लइका, शेर-भालू, चीता, हिरण, हाथी, कोलिहा, हुड़रा, बेंदरा अउ चिरई-चिरगुन के बसेरा उजारत हौ, उजार दे हौ। ओमन कहां रइही, कहां जांही, का खाही, का पिही, हे कहूं कोनो मेर ओकर मन के ठिकाना।

साहेब तोर बात हे तो सोला आना सही, फेर सरकार ला विकास करे खातिर काम तो कुछ करे ले परही ना। भकाड़ू बताथे- जंगल मं ही तो सबो खनिज संसाधन भरे परे हे, खदान के तो दोहन करे ले परही ना?

ककरो घर ल उजार के, बरबाद करके देस-परदेस के विकास करई कोनो विकास नोहे भकाड़ू। तोर संग कहूं अइसने भला हो जही तब तोला कइसे लगही?

भयरा ठेठरा घला अतके बेर आ जथे अउ ओकर मन के बीच मं जउन गोठ-बात चलत रिहिस तउन ल कान टेढ़ के सुने ले धर लिस। मुड़ी मं बड़ेक जनिक पागा बांधे राहत तउन ल खोल देथे अउ पूछथे- का गोठियावत हौ जी तुमन।

नंदू के ढेरा घला घूमना बंद होगे रिहिसे। भैरा ठेठवार उही ल पूछथे- कस रे नंदू, का-का गोठियावत हौ?

भैरा के बात ल सुनके भकाड़ू थोकन तमके असन कहिथे- ये निपोर भैरा गतर के हा, कांही ल सुन पाही न समझ पाही अउ काहत हे का-का गोठियावत हौ?

नंदू हा ओला महावीर साहेब जउन रुख-राई, नदिया-नरवा, तरिया, कुआं, जंगल, पहाड़ के विनाश के बात सुनाथे तब ओहर कहिथे- बने बात तो काहत हे महावीर साहेब हा। अरे जब पेड़-पौधा नइ रइही, जंगल-पहाड़, नदिया नइ रइही, कुंआ बवली नइ रइही तब जंगली जानवरों, पशु-पक्षी ल छोड़ मनखे के बार हाल हो जही। भाड़ मं जाय तुंहर सरकार के विकास के काम, जनता के जीवन ल पहिली देखव।

महावीर साहेब कहिथे- देख, एको अक्षर नइ पढ़े-गुने हे, गाय-भइस चराथे तेन अतेक सब बात ल समझथे अउ तुंहर सब झन के आंखी मुंदागे हे, पथरा परगे हे, गोबर भरगे हे दिमाग मं। कहां ठेंगवा ल बरसही पानी हा?

ओहर कहिथे- चाहे कतको पूजा-पाठ, हवन, जग, गीता-भागवत, सत्संग करा लौ, दाई, बेटी, बहिनी अउ गोसइन के आंखी डहर ले कहूं आंसू झरत रइही तब ओकर परिवार, समाज अउ देश मं सुख-शांति कभू नइ आ सकय। ये प्रकृति कोन हे, इही दाई, बहिनी, बेटी मन तो आय। रुख-राई, जंगल, पहाड़, नदी-नरवा खुलेआम नीलाम होवत हे, ओकर मन के छाती मं बुलडोजर चलत हे। ओकर मन के दुख ल उही मन जानही?

भैरा ठेठवार पूछथे- का काहत हे साहेब हा गा? तब भकाड़ू कंझावत कहिथे- अरे काला का सुनाबे गा, कहिबे आन तब सुनही आन। तभो ले नंदू हा सबो बात ल ओला सुनाथे, समझाथे।

ठेठवार कहिथे- बने काहत हे साहब हा, धरती मं पाप बढ़गे हे, पेड़ के जुने डारा मं बइठे हौ अउ ओकरे ऊपर टंगिया चलाहौ तब मरिहौ ते बाचिहौ? जा उही पाके पानी नइ गिरत हे तुंहर परदेस मं। आन कोती देख कइसन बरसत हे चारों मुड़ा पानी-पानी। बांधा फूटत हे, पुल-पुलिया टूटत हे, घर-दुआर बोहावत हे अउ छत्तीसगढ़ ल देख बादल हा मुंह अइठ ले हे। जइसन करनी तइसन भरनी। कतको चिल्लावौ, गोहार पारौ, अरे तोला का भइगे... फेर ओकर खेल ल उही जानही।

जाती-बिराती
आगे असाड़ गिरगे पानी
धर ले नांगर धर ले तुतारी
चल रे बइला अररर, त-त-त
चल रे बइला अररर, त-त-त।

## एक्सरसाइज के दौरान या तुरंत बाद सिरदर्द होना गंभीर बीमारी के हैं संकेत, नई रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा

आजकल फिट रहना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है. फिट रहने के लिए एक्सरसाइज, वर्कआउट, जिम इंटेंस वर्कआउट के दौरान के कारण तेज पसीना आता है. वर्कआउट के दौरान सिरदर्द, सांस फूलना और गला सूखने जैसी समस्या होने लगती है. ऐसे कई लोग हैं जिन्हें वर्कआउट के दौरान सिरदर्द से परेशान रहते हैं. हमेशा किसी फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, जॉगिंग या एक्सरसाइज करने के बाद तुरंत सिरदर्द होने लगता है. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं.

ऑक्सीजन की कमीः वर्कआउट करते वक्त कई बार शरीर को ठीक से ऑक्सीजन तक नहीं मिल पाती है. इस कारण ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है और सिरदर्द होने लगता है. जब आप इंटेंस फिजिकल एक्सरसाइज करते हैं सांस रोक कर रखते हैं. या हल्की सांस लेते हैं. इसके कारण दिमाग में ठीक से ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है इसके कारण सिर दर्द हो सकता है. वर्कआउट के दौरान लंबी सांस लें. बीपी का बढनाः एक्सरसाइज करते समय शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जब शरीर पूरी तरह से हाइड्रेट नहीं होती है तो कंडीशन में सिरदर्द की समस्या हो सकती है. इसलिए वर्कआउट के दौरान पसीना निकले तो लिक्विड डाइट या पानी पीते रहें. शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है.

विचार प्रवाह

# लोकतंत्र और संविधान के भक्षक को पहचानने का समय

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय संविधान ने काफी उलट - फेर कर दिखाया है । भाजपा और एनडीए के 400 पार नारे को कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन ने संविधान मिटाने वाला नारा करार दिया । अपने हाथ में डायरीनुमा संविधान की प्रतिकृति लेकर राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बचाने की अपील शुरू कर दी । दूसरी ओर मोदी ,शाह और योगी तथा नड्डा सहित सभी बड़े भाजपा नेताओं ने यह स्पष्टीकरण भी दिया कि न तो कोई संविधान को मिटा सकता है और न ही आरक्षण को खत्म कर सकता है , किंतु चुनाव नतीजों ने यह बता दिया कि कहीं न कहीं संविधान को लेकर लोगों में चिंता जरूर घर कर गई थी । अब सवाल यह उठता है कि संविधान की चिंता करने वाले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन वालों ने संविधान की बखिया उधेड़ते देखी है या नहीं ? देश का इतिहास इस बात का गवाह है कि सन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने इसी संविधान का अपमान कर उसे अपनी कुर्सी का मजबूत स्तंभ बनाने के उद्देश्य से आपातकाल की घोषणा कर दी ! श्रीमती गांधी को इस बात का डर था कि कहीं उनकी सत्ता न हड़प ली जाए ? 25 जून 1975 का वह काला दिन देशवासियों के जीवन में संकटकाल और ग्रहण के रूप में सामने आया ! इसी आपातकाल और इंदिरा गांधी की हिटलर शाही ने देश के 62 लाख लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करवा दी ! अपने घर पर परिवार के साथ भोजन ग्रहण करते हुए लोगों को बलपूर्वक उठाकर शिविरों में ले जाकर नसबंदी का जो दौर चलाया गया , उसने न तो कुंवारों को छोड़ा और न ही संतानहीन लोगों पर दया की ! हैरान और परेशान जनता ने नारों का अमलीजामा पहन लिया । नारे लगाए जाने लगे - संजय की मम्मी , बड़ी निक्कमी और नसबंदी के तीन दलाल - इंदिरा , संजय , बंशीलाल । आपातकाल के दौरान जो नारा बहुत ज्यादा वायरल हुआ वह - जमीन गई चकबंदी में , मकान गया हदबंदी में और द्वार खड़ी औरत चिल्लाए ,मेरा मरद गया नसबंदी में । आज के युग में युवा का दायित्व निभा रहे लोगों को यह ज्ञात नही कि आखिर आपातकाल की जरूरत भारतवर्ष जैसे सांस्कृतिक देश में क्यों आन पड़ी ? आज का युवा तो उस समय इस दुनिया में आया भी नही था ! उसे तो इतिहास के पन्नों से ही यह ज्ञात हो सकता है । मैं खुद उस वक्त कक्षा सातवीं का विद्यार्थी था । कुछ - कुछ धुंधली यादें मेरे मस्तिष्क में आज भी चिरस्थायी है । 25 जून 1975 की देर रात इंदिरा गांधी ने सत्ता खो जाने के डर से आपातकाल देशवासियों के खुशहाल जीवन में ला पटका ! जनसंख्या नियंत्रण का हवाला देकर पुरुषों की बलपूर्वक नसबंदी कराई गई ! इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह जानकारी मिलती है कि लगभग 62 लाख पुरुषों की जबर्दस्ती नसबंदी कराकर तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हिटलर होने का सबूत दे दिया । अस्थाई रूप से बनाए गए शिविरों में यह देखे बिना कि पुरुष शादी - शुदा है या नहीं ? उसकी कोई संतान है या नहीं ? नसबंदी करने में किसी प्रकार की दया पर विचार नहीं किया गया !जबरदस्ती की गई नसबंदी में कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा और उनका परिवार लगभग अनाथ की श्रेणी में आ गया । अमानवीय तरीके से की गई नसबंदी का नेतृत्व उस समय के दबंग कांग्रेसी नेता इंदिरा पुत्र संजय कर रहे थे । आपातकाल के दौरान जो नसबंदी का दौर चल रहा था उसके दूसरे विलेन बंशीलाल थे । सन 1975 से




1977 तक वे देश के रक्षा मंत्री थे । बंशीलाल ने भारतवर्ष के संस्कारी पुरुषों की नसबंदी जैसे घृणित कार्य में पुरजोर भागीदारी निभाई ! नसबंदी और बंशीलाल से जुड़ा एक किस्सा भी देशवासियों की नजर और मस्तिष्क में आया । आपातकाल खत्म होने के बाद बंशीलाल अपने हरियाणा के दौरे पर थे । वे एक ग्राम पंचायत में लोगों से रूबरू हो रहे थे । इसी दौरान एक युवक खड़ा हुआ । उसने भरी पंचायत के समक्ष अपने कपड़े उतार दिए और बताया कि वह कुंवारा था और उसकी नसबंदी लाखों मिन्नतों के बाद भी कर दी गई ! आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस आपातकाल के दंश को याद कर और संविधान की रक्षा का ढोंग रच रहे लोगों की बागुलाभक्ति को आइना दिखाने के लिए संविधान हत्या दिवस की जिस घोषणा का स्वागत किया है वह मोदी सहित पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए साहस भरा कदम माना जाना चाहिए । कारण यह कि हमारे राजनैतिक इतिहास में सबसे बड़े समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण ने उस वक्त पूरी दमदारी से इंदिरा और उसके चरण पूजकों की उक्त कारर्वाई को भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधी कहकर संबोधित किया था । तब मैं कहना चाहता हूं कि आज संविधान हत्या दिवस की घोषणा स्वागत योग्य क्यों नहीं होनी चाहिए ? पूरे 21 माह चली नसबंदी के बाद जब आम चुनाव की घोषणा हुई तब कांग्रेस के विपक्षी दलों ने जो नारा अख्तियार किया वह - द्वार खड़ी औरत चिल्लाए , मेरा मरद गया नसबंदी में के रूप में आम मतदाताओं को जगाने में कारगर रहा ।

आपातकाल के दौरान नसबंदी का अमानुषिक विचार संजय गांधी के दिमाग की उपज थी ! इंदिरा गांधी ने अपने सभी राजनैतिक विरोधियों को 21 माह के लिए जेल में ठुंसवा दिया ! प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगाकर उस हद को भी पार कर दिया गया जिसके द्वारा जन - जागरूकता को बल प्रदान किया जाता है ! इंदिरा और उसके सिपहासालारों के कारनामों के चलते देश भर में उनके खिलाफ जन - आक्रोश पनपने लगा । यह जानना भी जरूरी है कि आपातकाल की जरूरत इंदिरा गांधी ने क्यों महसूस की ? इतिहास बताता है कि आपातकाल का बीजारोपण सन 1971 से शुरू हो चुका था । सन 1971 में हुए लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से राजनारायण को चुनाव में शिकस्त दी थी । पराजित प्रत्याशी राजनारयण ने अपने चुनाव परिणाम को हाई कोर्ट में चुनौती दी । 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के चुनाव को निरस्त कर उन पर छह साल के लिए चुनाव न लड़ने की पाबंदी लगा दी । इसे इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन के खिलाफ माना और आपातकाल की घोषणा कर दी ! आपातकाल का पूरा कला चिट्ठा आमजनों के सामने लाने के लिए इस पर पी.एचडी और डी.लिट तक जाना पड़ सकता है । जिस तरह से आपातकाल में धन और संपत्ति को लूटकर खजाना भरा गया , उसका आंकलन कर उस वक्त के राजनेताओं ने यहां तक कह डाला कि गांधी परिवार ने अपनी 70 पुस्तों की आराम दायक जिंदगी का इंतजाम कर डाला है ! शायद यही कारण है कि राजनीति शून्य होने के बाद भी कांग्रेस के नेताओं ने गांधी परिवार का दामन थाम रखा है ! आज की युवा पीढ़ी को यह चिंतन करना होगा कि वास्तव में संविधान और लोकतंत्र का भक्षक किसे और क्यों माना जा सकता है ?

**एक नजर**

## नए कानूनों पर किया कार्यशाला का आयोजन

**बिलासपुर, 18 जुलाई ।** छ.ग. राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निर्देशन में विजय कुमार होता, प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के. के. देवांगन एवं ए. बी. गुरु डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन कार्यालय के विशेष आथित्य में जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में अभियोजन अधिकारियों एवं अधिवक्तागण के लिए 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए कानूनों पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय कुमार होता प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सरस्वती मां का पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने कार्यशाला के विषय को आलोकित करते हुए अपने विशेष उदबोधन में तीनों नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में सारगर्भित रूप से बताया उन्होंने विशेष रूप से कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन की तामिली, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साक्ष्य अभिलिखित किए जाने ,अन्वेषण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साधनों के उपयोग किए जाने से संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में वक्ता के रूप में उपस्थित शैलेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( पॉक्सो) द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों को विस्तार से समझाया और वकीलों के अंतर्मन में नए कानून को लेकर चल रहे सवालों का हल दिया। डी. पी. सिंह दांगी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों को विस्तार से बताया एवं अविनाश कुमार दुबे द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए अपना उदबोधन दिया। कार्यशाला में माननीय प्रवीण कुमार प्रधान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अपूर्वा दांगी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अधिवक्ता संघ के सचिव हरि डेगल, वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एन. ठाकुर ,अशोक जैन, के. के. दुबे, अशोक मिश्रा, दिलीप ठाकुर, व्यवहार न्यायालय सुकमा बीजापुर के अधिवक्ता तथा अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में नि:शुल्क अध्ययन का अवसर

**दंतेवाड़ा, 18 जुलाई ।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर दंतेवाड़ा जिले के 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य के लिये जिला प्रशासन द्वारा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में निःशुल्क अध्ययन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिस तारतम्य में जिले के विभिन्न संस्थाओं से इच्छुक 25 छात्र/छात्राओं ने खैरागढ़ में विभिन्न विधाओं में अध्ययन करने हेतु अपनी रूचि व्यक्त की थी। इन 25 छात्र/छात्राओं को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलवाने के लिए अभिरूचि परीक्षण को उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक तैयारी जिले प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा करवायी गई जिसमें इन 25 छात्र/छात्राओं को विभिन्न विधाओं की तैयारी कराये जाने हेतु आस्था विद्या मंदिर जावंगा में दिनांक 18 जून 2024 से 03 जुलाई 2024 तक आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया था। जिसमें विभिन्न विधाओं जैसे गायन, वादन, नृत्य, फाईन आट्र्स कला से संबंधित मूलभूत प्रशिक्षण संगीत एवं कला के शिक्षकों द्वारा दिया गया था।ह्व जिसके फ्लस्वरूप दिनांक 16/07/2024 को घोषित प्रथम अभिरूचि परीक्षण परिणाम की प्रथम सूची में जिले के 13 छात्र/छात्राओं ने अपना स्थान बनाया।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों की विकासखंड स्तरीय समीक्षा

**दंतेवाड़ा, 18 जुलाई ।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे सर्वे एवं ऑनलाइन एंट्री कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में विकासखंड कुआकोंडा के खंड स्त्रोत कार्यालय सभाकक्ष में ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक एवं बालमित्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता राजेन्द्र पांडेय, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सौरभ राठौर एवं खंड स्त्रोत समंवयक एम आर कश्यप उपस्थित रहे ।

## अपराधों पर अंकुश लगाने निर्देश

**कोरबा, 18 जुलाई ।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस. चौहान एवं उप पुलिस अधीक्षक कोरबा (मुख्यालय) श्रीमती प्रतीभा मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे चोरी अवैध कारोबार अवैध शराब गांजा के बिकी एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश एवं अधिक से अधिक कार्यवाही करने समस्त थाना / चौकी प्रभारीयों की निर्देशित किया गया है।

# देवशयनी एकादशी पूजा के साथ बस्तर गोंचा महापर्व का आगामी वर्ष के लिए परायण



**जगदलपुर,18 जुलाई ।** बस्तर गोंचा महापर्व में भगवान श्रीजगन्नाथ माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के श्रीमंदिर में वापसी 15 जुलाई को बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान एवं कपाटफेड़ा पूजा विधान की संपन्नता एवं भगवान श्रीजगन्नाथ के श्रीमंदिर में स्थापित होने के साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व में 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी की अंतिम पूजा विधान तय कार्यक्रम के अनुसर संपन्न की जावेगी बस्तर गोंचा महापर्व में बुधावार 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी पूजा विधान के साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व का परायण आगामी वर्ष के लिए हो जावेगा। उक्त जानकारी बस्तर गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने दी। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खांबारी ने बताया कि देवशयनी एकादशी, जिसे पद्म एकादशी और हरि शयनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्मावलंबियों में एकादशी एक महत्वपूर्ण व्रत है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को वर्ष 2024 में, देवशयनी एकादशी 17 जुलाई बुधवार को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीर सागर में विश्राम करते हैं, और चार महीने के बाद देवउठनी एकादशी तिथि में देवउठनी एकादशी पूजा विधान के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ को उठाया जावेगा। देवशयनी एकादशी के दिन चालीसा का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। कौन से चालीसा का पाठ करें? आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी भगवान के चालीसा पाठ कर सकते हैं। लेकिन, देवशयनी एकादशी के दिन श्रीविष्णु चालीसा, श्रीहनुमान चालीसा या श्रीगणेश चालीसा का पाठ करना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है।उन्होने बताया कि समाज के सदस्य राकेश पांडें के द्वारा श्रीविष्णु चालीस उपलब्ध करवया गया है, जिसे देवशयनी एकादशी के दिन समस्त हिंदू धर्मावलंबियों के पुण्य लाभ अर्जित करने हेतु जिसका पाठ किया जा सकता है।

**॥ श्रीविष्णु चालीसा ॥**

विष्णु सुनिए विनय सेवक की चितलाय ।
कीरत कुछ वर्णन करूं दीजै ज्ञान बताय ॥
नमो विष्णु भगवान खरारी, कष्ट नशावन अखिल बिहारी ।
प्रबल जगत में शक्ति तुम्हारी, त्रिभुवन फैल रही उजियारी ॥
सुन्दर रूप मनोहर सूरत, सरल स्वभाव मोहनी मूरत ।
तन पर पीताम्बर अति सोहत, बैजन्ती माला मन मोहत ॥
शंख चक्र कर गदा विराजे, देखत दैत्य असुर दल भाजे ।
सत्य धर्म मद लोभ न गाजे, काम क्रोध मद लोभ न छाजे ॥
सन्तभक्त सज्जन मनरंजन, दनुज असुर दुष्टन दल गंजन ।
सुख उपजाय कष्ट सब भंजन, दोष मिटाय करत जन सज्जन ॥
पाप काट भव सिन्धु उतारण, कष्ट नाशकर भक्त उबारण ।
करत अनेक रूप प्रभु धारण, केवल आप भक्ति के कारण ॥
धरणि धेनु बन तुमहिं पुकारा, तब तुम रूप राम का धारा ।
भार उतार असुर दल मारा, रावण आदिक को संहारा ॥
आप वाराह रूप बनाया, हिरण्याक्ष को मार गिराया ।
धर मत्स्य तन सिन्धु बनाया, चौदह रतनन को निकलाया ॥
अमिलख असुरन द्वन्द मचाया, रूप मोहनी आप दिखाया ।
देवन को अमृत पान कराया, असुरन को छवि से बहलाया ॥
कूर्म रूप धर सिन्धु मझाया, मन्द्राचल गिरि तुरत उठाया ।
शंकर का तुम फन्द छुड़ाया, भस्मासुर को रूप दिखाया ॥
वेदन को जब असुर डुबाया, कर प्रबन्ध उन्हें ढुढवाया ।
मोहित बनकर खलहि नचाया, उसही कर से भस्म कराया ॥
असुर जलन्धर अति बलदाई, शंकर से उन कीन्ह लड़ाई ।
हार पार शिव सकल बनाई, कीन सती से छल खल जाई ॥
सुमिरन कीन तुम्हें शिवरानी, बतलाई सब विपत कहानी ।
तब तुम बने मुनीश्वर ज्ञानी, वृन्दा की सब सुरति भुलानी ॥
देखत तीन दनुज शैतानी, वृन्दा आय तुम्हें लपटानी ।
हो स्पर्श धर्म क्षति मानी, हना असुर उर शिव शैतानी ॥
तुमने ध्रुव प्रहलाद उबारे, हिरणाकुश आदिक खल मारे ।
गणिका और अजामिल तारे, बहुत भक्त भव सिन्धु उतारे ॥
हरहु सकल संताप हमारे, कृपा करहु हरि सिरजन हारे ।
देखहुं मैं निज दरश तुम्हारे, दीन बन्धु भक्तन हितकारे ॥
चाहता आपका सेवक दर्शन, करहु दया अपनी मधुसूदन ।
जानूं नहीं योग्य जब पूजन, होय यज्ञ स्तुति अनुमोदन ॥
शीलदया सन्तोष सुलक्षण, विदित नहीं व्रतबोध विलक्षण ।
करहुं आपका किस विधि पूजन, कुमति विलोक होत दुख भीषण ॥
करहुं प्रणाम कौन विधिसुमिरण, कौन भांति मैं करहु समर्पण ।
सुर मुनि करत सदा सेवकाई, हर्षित रहत परम गति पाई ॥
दीन दुखिन पर सदा सहाई, निज जन जान लेव अपनाई ।
पाप दोष संताप नशाओ, भव बन्धन से मुक्त कराओ ॥
सुत सम्पति दे सुख उपजाओ, निज चरनन का दास बनाओ ।
निगम सदा ये विनय सुनावै, पढ़ै सुनै सो जन सुख पावै ॥

# छत्तीसगढ़ के हर श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिले: श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन

**कोरबा 18 जुलाई।** श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा जिले के बुधवारी बजार में शहीद वीर नारायणसिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। यह जिले का दूसरा दाल भात केंद्र है। इस दौरान उन्हांने अतिथियों के साथ स्वयं भी श्रमिकों के बीच जाकर भोजन किया और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में आकर भोजन अवश्य करें। श्रम मंत्री ने इस अवसर पर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि श्रम विभाग से जुड़े कुल तीन मंडल अंतर्गत 72 योजनाएं संचालित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री प्रदान करने की बजाय सीधे उनके खाते में राशि देने की पहल किया है। इससे हितग्राही को सीधा लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि श्रम विभाग की योजना श्रमिकों के लिए है। छत्तीसगढ़ का कोई भी श्रमिक योजनाओं से वंचित न रहे, उन्हें लाभ जरूर मिले। श्रम मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि कोरबा जिले के सभी श्रमिक योजनाओं का लाभ उठाएं।

बुधवारी में दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में *प्रदेश के 10 जिलों के 22 स्थानों में दाल-भात केंद्र संचालित हो रहा है।* कोरबा जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। जिसमें से बालकों के बाद आज दूसरा केंद्र प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को साल के 12 हजार रूपए का लाभ मिलने, किसानों को 3100 रूपए समर्थन मूल्य तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए मानक बोरा सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के लिए आईएएस, आईपीएस सहित महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग की सुविधा ऑनलाइन और ऑफ्लाइन माध्यम से देने पहल की गई है। कोरबा जिले के श्रमिकों के बच्चों को भी इसका लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में आज जिले के 451 श्रमिक परिवारों को विभागीय योजनांतर्गत लगभग 01 करोड़ 17 लाख की राशि से लाभान्वित किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने जिले के अन्य श्रमिकों को श्रम विभाग के अधिकारियों से योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।* कार्यक्रम को श्री राजीव सिंह, श्री देवन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। सहायक श्रम आयुक्त श्री राजेश आदिले ने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारी एवं श्रमिक और आम नागरिकगण उपस्थित थे।

**श्रम मंत्री ने हितग्राहियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया**-कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन द्वारा श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना के तहत कमला बाई दास एवं मनीराम यादव को 1-1 लाख का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत सुनीता व बुधवार दास को 1-1 लाख का सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के तहत विनिता केंवट व शिव कुमार आरमो को 20-20 हजार, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत राखी कंवर, पार्वती चौहान को 20-20 हजार, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत कुमारी मनीषा व भगवती को 20-20 हजार का सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने कन्या आश्रम देवपहरी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा, 18 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखण्ड के देवपहरी ग्राम में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्राथमिक कन्या आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम परिसर में छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियॉ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आश्रम परिसर के सभी कमरों, स्टोर रूम, रसोई घर व शौचालय की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से उनकी दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आश्रम अधीक्षिका को निर्धारित मेनू अनुसार छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने, बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही भवन में यथा स्थानों में सीपेज की समस्या को शीघ्रता से मरम्मत कराने एवं अधूरे निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त कोरबा श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई उपस्थित थे।

# विश्व सर्प दिवस कार्यक्रम में लोगों ने लिया भाग,कोरबा जिला दुर्लभ सरीसृपों का बना घर

**कोरबा, 18 जुलाई ।** कोरबा जिला वन्य जीवन के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां तेंदुओं, हाथियों, ऊदबिलाव, उड़न गिलहरी का घर होने के अलावा किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास भी है। यह मध्य भारत में किंग कोबरा का एकमात्र घर है। इसमें संरक्षण हेतु स्थानीय समुदायों का अहम भूमिका होती हैं और इनके व क्षेत्र में काम करने वाले वन्यजीव विशेषज्ञों के बीच अंतर को पूरा किए बिना ऐसी प्रजातियों का संरक्षण संभव नहीं हो सकता है। साथ ही किसी भी प्रजाति के संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। हर साल 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका एकमात्र उद्देश्य आम लोगों को साँपों के रहस्यमई जीवन के बारे में जागरूक करना और उनका संरक्षण क्यों महत्वपूर्ण है यह बताना। इसी कड़ी में नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी कोरबा वन मण्डल में किंग कोबरा प्रोजेक्ट पर काम कर रही है और इस वर्ष श्री अरविंद पीएम वन मण्डलाधिकारी, प्रशिक्षु वन मंडलाधिकारी श्री चंद्र कुमार अग्रवाल आईएफ्एस के मार्गदर्शन और श्री आशीष खेलवार श्री सूर्यकांत सोनी उप-विभागीय अधिकारियों के संयुक्त तत्वाधान में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए थे। जिसमें रील मेकिंग, ड्राइंग, क्विज़ आदि शामिल थे पूरे कोरबा के छात्रों ने इस कार्यक्रमों में भाग लिया था जिसमें भाग लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने एवम विश्व सर्प दिवस मनाने के लिए वन विभाग के हाल में अयोजित कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सभी को प्रोजेक्टर के माध्यम से चलचित्र दिखाए गए, उसके पश्चात चित्रकला में भाग लिया बच्चों को किंग कोबरा फ्रेम सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान श्रृष्टि शर्मा, दूसरा स्थान प्रिंस कुमार, तीसरा स्थान राहुल यादव फिर रील बनाने में प्रथन स्थान सैलेश, लहरे, दूसरा स्थान स्वेता उपाधाय तीसरा स्थान भूमिका टंडन प्रशन/उत्तरी में प्रथान स्थान संजना बर्वे दूसरा स्थान कृष्णा बर्वे और तीसरा स्थान श्रद्धा को मिला उसके साथ ही बताया गया की किंग कोबरा क्यों महत्वपूर्ण है और कोरबा वन क्षेत्र में इसका संरक्षण इतना आवश्यक क्यों है इतना ही नहीं किंग कोबरा पर चल रहे प्रोजेक्ट ने ऐसे लोगों की पहचान की है जो किंग कोबरा संरक्षण में स्वेच्छा से सहयोग करना चाहते हैं। टीम को रिस्पांस टीम के रूप में जाना जाता है, जिसका उद्देश्य सांप बचाव, मानव वन्यजीव संघर्ष की स्थिति, वन्यजीव अपराध और वन्यजीव संबंधी मुद्दों के दौरान संरक्षण प्रयासों का समर्थन करना है। टीमों ने वन विभाग के साथ बातचीत की और प्रतिक्रिया टीम के काम पर चर्चा की गई, इस कार्यक्रम में अगोरा संख्या में बच्चों के साथ जिले के नागरिक उपस्थित रहें।

## कोरबा की तीन ठेका कम्पनी ब्लैक लिस्टेड

**कोरबा, 18 जुलाई ।** निर्माण कार्यो के संपादन के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरत कर विकास कार्यो में अवरोध पैदा करने वाली निर्माण एजेंसियों व ठेकेदारों पर नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने 3 निर्माण एजेंसियों पर एक्शन लेते हुए उन्हें क्रमशः 01 वर्ष व 6 माह के लिए निगम की निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने के साथ-साथ उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि को भी राजसात कर लिया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता:कलेक्टर



**जगदलपुर 18 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशेष कर बस्तर, बास्तानार जनपद में लक्ष्य के आधार आवश्यक प्रगति दें। कलेक्टर ने जिले में खनिज राजस्व वृद्धि हेतु सभी निर्माण एजेंसियों को खनिज रॉयल्टी की राशि तत्काल जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में समय-सीमा के प्रकरण, जन चौपाल, जन शिकायत पर चर्चा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किए। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा में कृषि विभाग और संबद्ध विभाग पशुधन, मत्स्य, उद्यानिकी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करने एवं सहकारी केंद्रीय बैंक तथा अन्य बैंकों में प्रस्तुत केसीसी प्रकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता और आवश्यकता की जानकारी सातों ब्लॉकों के ग्रामीण विस्तार अधिकारियों से लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में पोषण वाटिका किचन गार्डन के विकास, एनआरएलएम बैंक लिंकेज की प्रगति, लखपति दीदी योजना के क्रियान्वयन, स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा में मजदूरों की स्थिति, अमृत सरोवर, पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत, उद्योग स्थापना, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की, बस्तर विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों और हितग्राही मूलक कार्यो की एजेंसीवार वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस दूकान निर्माण की भौतिक प्रगति जनपद पंचायतवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्माण पूर्ण भवनों का हैण्डओवर करने की स्थिति का संज्ञान लिया। विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत अपूर्ण कार्यो, अपूर्ण कार्यों के पैसे वापस करने कहा गया। डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्य अपूर्ण कार्य की समीक्षा की गई। विकास कार्यों का वित्तीय वर्ष के आधार पर निर्माण कार्य या विकास कार्य को पूर्ण करवाने पर जोर देते हुए कार्य का उपयोगिता प्रमाण पत्र और पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। डीएमएफ मद के जून माह तक ब्याज राशि को तत्काल राशि को सरेंडर करवाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने डीएच-यूपीएचसी में ओपीडी की स्थिति की समीक्षा करते हुए महारानी अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य जांच कार्ड को सभी अर्बन पीएचसी में लागू करने कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु जाति प्रमाण जारी करने के लिए निर्देशित किए। सांसद एवं विधायक निधि मद अपूर्ण कार्य 2021-22 के काम पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की एजेंसीवार स्वीकृत कार्यों और अपूर्ण कार्यों की भी समीक्षा की गई।समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि 19 जुलाई से 23 अगस्त शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों को विटामिन-ए की दवाई खिलाई जाएगी। इसके अलावा हिट एण्ड रन दावा निष्पादन समिति की बैठक भी किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर ने डीएमएफटी के मदों से स्वीकृत विकास कार्यो की समीक्षा की और निर्माण एजेंसियों को कार्यों की प्रगति लाने सहित कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र व पूर्णता प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। साथ ही डीएमएफ और अन्य मदो के निरस्त कार्यों की राशि और ब्याज की राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नौकरी लगाने के नाम ठगी


**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाई मंत्रालय रायुपर में सरकारी नौकरी और प्यून के पद में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को नेवई पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है नेवई टीआई आनंद



शुक्ला ने बताया कि प्रहलाद सिंह सिकरवार ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत किया कि अनिता सिंह व उनके पति नरेन्द्र सिंह एवं इनके साथी गिरीश यादव और भूपेश कुमार सोनवानी ने इनके बेटा नवीन सिंह को मंत्रालय रायुपर में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा आवेदक के बेटे के परिचित बुद्धेश्वर को मंत्रालय में प्यून के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 70 हजार रुपए अलग - अलग किश्तों एवं फोन के माध्यम से कुल 5 लाख 95 हजार रुपए प्राप्त किया। नौकरी नहीं लगाने व रकम वापस मांग करने पर अनिता ने भूपेश कुमार सोनवानी का युनियन बैकआफ इंडिया का चेक नवीन को 4 लाख 25000 रुपए तथा बुद्धेश्वर को 1,50000 रुपए का दिया था,जिसे लगाने पर बाउंस हो गया। इसके संबंध में आरोपियों को बताने पर रकम आज कल देना करकर घूमता रहा। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी गिरीश कुमार यादव (41 वर्ष) निवासी अवंती विहार विजय नगर गली नं. 03 रायपुर थाना खमारडीह रायपुर रायपुर के रावण भाठा में नाम बदल कर छुपा हुआ था। आरोपी गिरीश का तलाश करने पर रावण भाठा में मिला। आरोपी को गिरीश कुमार यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर अपने साथी अनिता सिंह, नरेन्द्र सिंह,भूपेश सोनवानी के साथ मिलकर मंत्रालय में सरकारी एवं प्यून के पद में नौकरी लगाने के नाम अलग- अलग किश्त में प्रार्थी एवं बुध्देश्वर से अलग -अलग किश्तों में कुल 5 लाख 95 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। प्रकरण के अन्य आरोपी अनिता सिंह, नरेन्द्र सिंह, भूपेश सोनवानी फरार हैं।

## टाइटेनियम फैक्ट्री में भीषण आग

**भिलाई, 18 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र टाइटेनियम फैक्ट्री



में भीषण आग लगने के कारण फैक्ट्री में रखे बड़ी मात्रा में टाइटेनियम जलकर खाक हुआ। आग की सूचना फैक्ट्री के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल को दी जिसके बाद दमकल को टीम मौके पर पहुंची जिला प्रशासन और एसीसी जामुल की करीब 8 से 10 गाडियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है जामुल के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित शिवम हाईटेक स्टील फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई जिससे फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गई । फिलहाल आग लगी की वजह स्पष्ट नही हों पाई है। लेकिन बताया जा रहा है कि जिस फैक्ट्री में आग लगी है वहा बड़े पैमाने पर फैरो टाइटेनियम रखा हुआ था।आग की सूचना मिलते हीं फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। इसके बाद फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने का प्रयास जारी है। इस आग से फैक्ट्री संचालक को लाखो का नुकसान हुआ है।फैक्ट्री में फायर सेफ्टी का उल्लंघन किया जा रहा था जांच के बाद फैक्ट्री के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है जिला फायर के कमांडेड नागेंद्र सिंह ने बताया कि शिवम हाईटेक स्टील फैक्ट्री में भीषण आग लगाने की सूचना पर जिला प्रशासन की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। इस फैक्ट्री में 6 माह पूर्व भी आग लगी थी जिसके बाद से फायर सेफ्टी के नियमो को पालन करने की हिदायत दी थी लेकिन उन नियमो का पाल नही किए जाने की वजह से आज फिर एक बाद फैक्ट्री में रखे बड़ी मात्रा फैरो टाइटेनियम में आग लग गई।फायर विभाग समेत अन्य विभाग को फैक्ट्री के मालिक के द्वारा फायर सेफ्टी का उल्लंघन किए जा पाया। इस फैक्ट्री की जानकारी कलेक्टर को जानकारी दी गई जांच के बाद फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी जामुल टीआई कपिल देव पांडेय ने बताया कि फैक्ट्री में आग लगाने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया आग लगाने का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है जांच के बाद ही आग लगाने और नुकसान का आकलन किया जाएगा।

## वेविन ने टी-20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**रायपुर, 18 जुलाई।** ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग



समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं।

वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है। रोहित शर्मा और वेविन के बीच गठबंधन देश की जनता के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है, साथ ही, कंपनी रोहित शर्मा के करियर और छवि का प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्टता की ओर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना चाहती है। ऑर्बिया इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री रणधीर चौहान ने कहा, ''सालों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है। उन्हें अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देश के लाखों लोग प्यार करते हैं। इस गठबंधन से अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के समाधान और बेहतर उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। हाल ही में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाता है और हम मिलकर एक मजबूत भावना का प्रदर्शन करते हैं, जो हमारे व्यवसाय की उत्कृष्टता के अनुरूप है।''इस गठबंधन के लिए उत्साहित, रोहित शर्मा ने कहा, ''मुझे वेविन के साथ गठबंधन करने की खुशी है। इस ब्रांड ने उच्च गुणवत्ता के इनोवेटिव उत्पाद प्रदान करने में काफी प्रगति की है। मैं इस साझेदारी के लिए आशान्वित हूँ और हम मिलकर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगे।''यह साझेदारी भारत में कंपनी के लगातार निवेश का हिस्सा है। इससे पहले भारत की पूरी आबादी के मास मीडियम के रूप में क्रिकेट के अतुलनीय प्रभाव को स्वीकार करके कंपनी देश के विकसित होते हुए बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर चुकी है।

## एसईसीएल के कुसमुंडा खदान में क्रेन पलटने से चालक घायल

**कोरबा, 18 जुलाई ।** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। आए दिन एक न एक हादसे होते रहते हैं, विगत कुछ दिनों पहले डंफर पलट कर उसमे आग लगने से चालक सहित उसमें सवार दो कोल लिफ्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार जब भी खदान में कोई हादसे हों अधिकारी उसे दबाने के फिराक में रहते हैं। इसी तरह 16 जुलाई को दूसरी पाली (सेकंड शिफ्ट) में क्रेन के पलटने से चालक घायल हो गया, चालक ने बताया कि शाम लगभग 4:30 बजे वह क्रेन को लेकर सहायक के साथ निकला, चढ़ाऊ चढ़ते क्रेन अचानक से बंद हो गया। जिस कारण क्रेन लुढ़कने लगा और पलट गया इंजन बंद होने के कारण ब्रेक भी काम नही किया, क्रेन सर्वे अप हो गया।

**एक नजर**

## डबरापारा में सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली पुलिया निर्माण के लिए भूमिपूजन

**दुर्ग,18 जुलाई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेंश यादव,पार्षद मनीष साहू, बिजयेन्द्र भारद्वाज,कमल देवांगन,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,उपअभियंता विनोद मांझी,करण यादव के अलावा अधिक संख्या में नागरिकों के बीच विधि विधान से वार्ड क्रमांक 01 में विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया।

बता दे कि आज वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं पंचशील नगर, डबरापरा नाली, पुलिया निर्माण कार्य विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य समय अवधि में पूर्ण किया जाए, ताकि वार्ड के नागरिकों को आवगमन में अच्छी सुविधा मिल सके।उन्होंने ने कहा कि राज्य शासन से विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद लगातार भूमिपूजन किया जा रहे है एवं छुटे हुए वार्डो में भी विकास कार्य किये जायेंगे।उन्होंने ये भी कहा कि विकास कार्यो की रफ्तार रुकेगी नही। कार्यक्रम में अधिक संख्या में नागरिकगण भी मौजूद रहें।वार्ड क्रमांक 1 नया पारा रोड पंचशील नगर सीसी रोड निर्माण एवं डबरा पारा नाली पुलिया बस्ती पहुंच मार्ग तक 21 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क व नाली/पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।उन्होंने कहा कि पक्की सड़क व पुलिया बनने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।भूमिपूजन होने से क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह रहा। वार्ड पार्षद मनीष साहू समेत क्षेत्र के नागरिको ने विधायक गजेंद्र यादव एवं धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री से मिलकर पुरानी पेंशन देने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 18 जुलाई।** शिक्षक एल बी संवर्ग की समस्या को लेकर थानसिंह दीवान सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महासमुंद के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से शिक्षक एल बी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मिलकर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे है, संविलियन के समय से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नही हो रहे है, यह स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए होगा, यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एल बी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर होते है।प्रदेश अध्यक्ष ढ़

संजय शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने बताया कि शिक्षक एल बी संवर्ग के सम्बंध में माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग किया गया जिसमें पूर्व सेवा ( शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किया जावे। पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किया जावे।मध्यप्रदेश की तरह पूर्व सेवा अवधि ( प्रथम नियुक्ति तिथि ) के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जावे।प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति शीघ्र किए जाने का पक्ष रखा गया।सीजीपीएफ में 12त्न से अधिक राशि की स्वैच्छिक कटौती किये जाने का पक्ष रखा गया.सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु चर्चा किया गया।देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश ईलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10.30 से 4.30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने के विषय पर चर्चा किया गया।मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन सहित सभी विषय की चर्चा को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी मांगो को दिखवाकर निर्णय लेंगे।माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, योगेश सिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, नारायण चौधरी, संतोष सिंह, भूषण लाल चंद्राकर, गोपाल जायसवाल, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, सालिकराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, नवधा चंद्रा, रवि कुम्भकार, परमेश्वर चंद्रा, गेवाराम नेताम, कैलाश साहू, राहुल नेताम, बलराम तारम, आशीष नायक शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय करें :महेश कश्यप



**बीजापुर,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सांसद श्री महेश कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में बड़े.बड़े संकेतंक बोर्ड लगाने, स्पीड़ ब्रेकर, रेडियम, सीट बेल्ट, हेलमेट, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन के लिए जनजागरूकता सहित सभी आवश्यक उपाए करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने लोक निर्माण, राजस्व, नगर पंचायत, शिक्षा एवं यातायात पुलिस के समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री किशन मोहर ने प्रस्तुतीकरण के जरिए जिले के दुर्घटना संभावित चौराहों-तिराहों, मोड़, संकीर्ण पुल-पुलिया आदि की जानकारी दी तथा दुर्घटना रोकने के उपायों की जानकारी दी। गति अवरोधक, रम्बल स्ट्रीप लगाने एवं रोड मार्किंग, संकीर्ण पुल का चौड़ीकरण सहित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न

**बीजापुर,18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थित में बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।सांसद श्री कश्यप ने केन्द्र शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, राष्ट्रीय आजिविका मिशन के अर्न्तगत स्वसहायता समूहों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने, बैकिंग सेवाओं का विस्तार करने, मनरेगा अर्न्तगत अधिक से अधिक रोजगारमूलक योजनाएं स्वीकृत करने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करने सहित सड़क निर्माण, बोल्डर चेक डेम निर्माण, प्रधानमंत्री आवास के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए।उक्त बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करतु हुए बेहतर से बेहतर कार्य आपसी समन्वय के साथ करने और विकास की गति को बढ़ाने प्राप्त लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने का आश्वासन दिया।बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेंगलुरु में

**महासमुंद 18 जुलाई ।** पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 13 वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन श्री कांतिरावा आऊटडोर स्टेडियम बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की दल से कुल 6 पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। राज्य दल के प्रशिक्षक व मैनेजर निरंजन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सुखदेव केंवट, नोशन लाल पटेल, दिनेश पटेल, निखिल यादव, जिला बालोद से उदयराम कुमार निषाद, सूरजपुर जिले से यशोदा राजवाड़े शामिल हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य कुल 6 पदक जीतने में सफल रहें। महासमुंद जिले से सुखदेव ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जिले के नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने सुखदेव एवं नोशन पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।विदित हो कि जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुखदेव केंवट और निखिल यादव का चयन हॉल ही में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलुरू में हुआ हैं। जो जुलाई माह से आवासीय राष्ट्रीय अकादमी में प्रवेश लेकर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप बेंगलुरु में पदक जीतने पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, जिला खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री सतीश नायर, छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स संघ के सचिव श्री डिकेश टंडन, जिला पैरा एथलेटिक्स संघ से तोरण यादव, विश्वनाथ पाणिग्रही, भेख लाल साहू, अतुल बग्गा, डॉ. विकास अग्रवाल, अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन निरंजन साहू एवं समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले:कश्यप



**बीजापुर 18 जुलाई ।** एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता, संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बस्तर के लोकसभा सांसद श्री महेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति, वन विभाग, खाद्य, जल संसाधन, राजस्व सहित सभी विभागों के कार्यो की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं जिले के विषम परिस्थिति के बावजूद विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यो में बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन भी किया। मंत्री श्री कश्यप ने केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय, निर्माण, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण सहित छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की प्रगति की समीक्षा करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। शासन की योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के पहल पर बीजापुर आम महोत्सव 2024, इन्द्रावती महाआरती, अंदरूनी क्षेत्रों में सुगमतापूर्वक खाद्यान्न पहुंचाने की योजना सहित नियद नेल्लानार योजना के तहत कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली जैसे क्षेत्रों में विकास कार्यो की प्रशंसा की।छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों का पालन करते हुए जिला प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य किया जा रहा है, इसी तरह और भी बेहतर ढंग से योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।बीजापुर के शांति नगर वार्ड जो कि नक्सल पीड़ित परिवारों का बसाहट है वहां आजिविकामूलक गतिविधियां संचालित करने को कहा।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सिंचाई का रकबा बढ़ाने चारों ब्लॉकों में लिफ्ट एरिगेशन की मांग करते हुए तकनीकी सर्वे कराने का आग्रह किया जिसकी सहमति मंत्री द्वारा दिया गया और कहा कि विकास के लिए सरकार सभी उपाय करने को तत्पर है।कलेक्टर ने जिले के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना रेल कॉरिडोर का प्रस्ताव भी अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया। गीदम से भोपालपटनम 126 किलोमीटर भोपालपटनम से सिरोंचा तक 110 किलोमीटर कुल 236 किलोमीटर रेल कॉरिडोर से चेन्नई, नागपुर, दिल्ली मेन ट्रंक लाईन में बीजापुर की कनेक्टिविटी हो जाएगा। जिससे नगरनार का लौह अयस्क एचआरसी, स्ट्रीप एवं एनएमडीसी का खनिज परिवहन में भारी सुविधा होगी एवं लागत भी कम आएगा। रेल कॉरिडोर से सड़क मार्ग पर दबाव भी कम होगा। रेल्वे लाईन प्रस्तावित होने से क्षेत्र में विकास के अवसर बढ़ेंगे जिला उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। प्राथमिक चरण में नेलसनार, भैरमगढ़, जांगला, जैवारम, नैमेड़, बीजापुर, मद्देड़, चेरपल्ली, भोपालपटनम स्टेशन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। वहीं पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना के सहयोग से मनचेरियल और सिरोंचा तक विस्तार किया जा सकता है। उक्त प्रस्ताव पर प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने सकारात्मक विचार व्यक्त किया एवं सांसद श्री महेश कश्यप इसे एक प्रशंसनीय पहल बताते हुए केन्द्र सरकार से अनुमोदित करोन हेतु पूर्ण प्रयास करने की बात कही। उक्त योजना की लागत गीदम से भोपालपटनम तक 2500 करोड़ एवं भोपालपटनम से मनचेरियल तक 2000 करोड़ इस तरह कुल 4500 करोड़ की योजना का प्रस्ताव अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया।बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ सामान्य श्री रामाकृष्ण, उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नए पदाधिकारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नए पदाधिकारियों का बुधवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पवन सोनी, महासचिव सज्जन सोनी व कोषाध्यक्ष शांतिलाल सोनी चुने गए। दो कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी व महेन्द्र सोनी को बनाया गया है।समाज के वरिष्ठजनों का बुधवार को आर्शिवाद लेने के बाद नए पदाधिकारियों ने समाजहित में पूरी सक्रियता से काम करने की बात कही। नवीन कार्यकारिणी ने आज ही पदभार ग्रहण करते हुए समाज के वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन लेते हुए भावी योजनाओं पर कार्य करने विचार विमर्श करते हुए रूपरेखा तय की। महिला विंग व युवा ईकाई टीम की भी प्रस्ताव रखा गया।इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन सोनी, समाज के वरिष्ठ सदस्य चेतन सोनी, सम्पतलाल सोनी, घनश्याम सोनी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, घेवरचंद सोनी, इंदरचंद सोनी, खिबराम सोनी, प्रकाश सोनी, राजेश सोनी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस कानून-व्यवस्था के नाम पर अनर्गल प्रलाप कर रही:रूपकुमारी

**महासमुंद, 18 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताते हुए कहा है कि प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सतत ठोस कदम उठा रही है और मुद्दाविहीन हो चली कांग्रेस इसमें ओछी राजनीति कर रही है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेताओं को अपने पिछले शासनकाल के आईने में अपने नाकारापन की सच्चाई देखना चाहिए, जब पूरा प्रदेश अपराधगढ़ बन गया था और प्रदेश के तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपराधों की रोकथाम के मामले में अपने हाथ खड़े कर दिए थे।भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि आज भाजपा सरकार में प्रदेश को एक ऐसा दृढ़ निश्चयी गृह मंत्री मिला है, जो न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है, अपितु प्रदेश को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में तेजी और सख्ती से पहल कर रहा है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि दरअसल कानून-व्यवस्था तो कांग्रेस के लिए एक बहाना भर है, मूल बात यह है कि जिन नक्सलियों के साथ कांग्रेसियों का भाईचारा है, वे नक्सली कांग्रेस की दुखती रग हैं, और उनके समूल उन्मूलन के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा संकल्पित हैं ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

## किसानों को समय पर खाद,बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने दिये निर्देश



**महासमुंद 18 जुलाई ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक की अध्यक्षता में आज यहाँ कलेक्टोरेट सभाकक्ष समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने जनचौपाल में प्राप्त प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और कहा कि उनका समय पर निराकरण करें, साथ ही संबंधित को भी की गयी कार्रवाई से अवगत करायें। कलेक्टर श्री मलिक ने अधिकारियों से कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों में आते है, इसलिए उनकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से त्वरित समाधान होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज खांडे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री मलिक ने किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व खाद-बीज की कालाबाज़ारी की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सखूत कार्रवाई करने कहा। साथ ही उन्होंने किसान सम्मान निधि अंतर्गत दिये गये लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र किसानों किसान सम्मान निधि के आवेदन करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाए जिससे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। यूरिया और डीएपी खाद की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मलिक ने महिला एवं बाल विकास विभाग को मातृत्व वंदन योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।इसी तरह बिजली विभाग को ब्लाइंड स्पॉट चिन्हांकित कर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए कहा। उन्होंने वनपट्टाधिकार पत्र की पोर्टल में एंट्री करने कहा। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पेंशन प्रकरण, पोषण वाटिका और अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण के संबंध में की गई कार्यवाही जानकारी ली।

## धीरज साहू जिलाबदर

**महासमुंद 18 जुलाई ।** जिला दण्डाधिकारी श्री प्रभात मलिक ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 (क) (ख) के तहत धीरज साहू ऊर्फ धीरज सरफराज पिता फूल चंद साहू उम्र 39 साल निवासी सुभाष नगर महासमुंद, थाना व जिला महासमुंद को जिला महासमुंद एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। संबंधित के विरुद्ध आगामी एक वर्ष के लिए महासमुंद जिले के सीमावर्ती जिला रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, रायगढ़ एवं बलौदाबाजार तथा जिला महासमुंद की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश जारी करते हुए जिला बदर की कार्यवाही की है। आदेश के 24 घंटे के भीतर जिले से बाहर जाना होगा। जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना उनके वैधानिक पूर्वानुमति के महासमुंद एवं जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने कहा है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में अब तक 226.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद 18 जुलाई ।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 226.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 301.3 मिलीमीटर, बसना में 274.8 मिलीमीटर, सरायपाली में 238.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 199.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 199.1 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 146.2 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 18 जुलाई को 8.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में कोमाखान तहसील में 12.9 मिलीमीटर, बसना में 10.3 मिलीमीटर, महासमुंद में 10.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 7.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 6.5 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 5.4 मिलीमीटर पिथौरा तहसील में दर्ज की गई।

## छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

कोरबा, 18 जुलाई । छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन पूर्व एवं वितरण इकाई की कार्यकारिणी बैठक संघ कार्यालय आवास ओसी/64 में रखी गई थी। जल भराव होने के कारण बैठक टाप इन टाउन के सामने आरोग्य अमृत तुल्य के पास आहुत हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्य प्रकाश गांधी गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि जी.पी. राजवाड़े उपस्थित रहे। बैठक का क्रियान्वयन कर रहे कोरबा वृत्त सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवंत राठौर ने उत्पादन पूर्व इकाई के सदस्यों से वहां की समस्यायों के बारे में अवगत कराने का निवेदन किया।

# राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह



**फिंगेश्वर, 18 जुलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स गरियाबंद जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,ए. के. सारश्वत जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त गरियाबंद एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में शिविर संचालक डी ओ सी स्काउट आशीष साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में राज्यपाल जाँच परीक्षा पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका में किया गया. सत्र 2022-23 में जिले के राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम थे. अध्यक्षता मधुबाला रात्रे सभापति जिला गरियाबंद ने किया किया. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, महेंद्र राम साहू प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका उपस्थित थे.कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं प्रार्थना के साथ किया गया.।तत्पश्चात् रोमन लाल साहू जिला सचिव द्वारा तीन दिवसीय राज्यपाल जाँच परीक्षा पूर्वाभ्यास शिविर की गतिविधि एवं उपलब्धि को बताया.इस जाँच परीक्षा पूर्वाभ्यास शिविर में 96 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर भाग लिए एवं 68 राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा आज के युवा कल के भविष्य है. सच्चा इंसान वह है जो साहस, संघर्ष व लगन के साथ काँटों पर चलते हुए सत्य के मार्ग से विचलित न हों. स्काउट गाइड में देशप्रेम, सेवा, परोपकार,अनुशासन एवं सेवाभाव का गुण पाया जाता है. वह अभाव में रहते हुए अपना काम कुशलता पूर्वक करते है. पढ़ाई के साथ साथ देश की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है. अतः स्काउट हमे जीवन जीने की कला सिखाती है. उन्होंने आगे वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर सभी एक पौधा जरूर लगावे. पेड़ पौधे प्रकृति के अभिन्न मित्र होते हैं, जो वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होते हैं. प्रत्येक इंसान में माता पिता के प्रति प्रेम, आस्था, सेवा और समर्पण का भाव होना चाहिए. मधुबाला रात्रे सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि जिले के 68 स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार मिलना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है. पढ़ाई के साथ साथ अनुशासन एवं संस्कार बहुत जरुरी है.पुष्पा साहू जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया हैं. प्रत्येक इंसान में सीखने की ललक होनी चाहिए. आप लोग इस शिविर में जो कुछ भी सीख कर जायेंगे उसे विद्यालय में जाकर अन्य विद्यार्थियों को जरूर सिखाएंगे.जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत ने स्वागत भाषण में स्काउट गाइड की उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अनुशासन स्काउट की रीढ़ है. इस शिविर में अनुशासन के साथ साथ आत्मनिर्भरता का पाठ सिखाया जाता है.जीवन में अनुशासन का बहुत है. क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है. महेंद्र राम प्राचार्य ने कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते हुए सारी गतिविधियों को सीखकर अपने विद्यालय में जरूर करावें. इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू द्वारा सत्र 2022-23 में जिले के 68 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र को अपने करकमलो द्वारा प्रदान किया गया. वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया.कार्यक्रम के अंत में विधायक रोहित साहू द्वारा नवोदय विद्यालय में पौधरोपण किया गया. इस कार्यक्रम मे टीकम साहू, नागेंद्र साहू, चंदन साहू, किशन कंडरा, शिवांगी चतुर्वेदी, नूतन साहू प्राचार्य युवराज साहू, प्रशिक्षक एच डब्लू बी ईश्वर मालाकार, रामप्रसाद साहू, लुकेश्वर प्रधान, विकासखंड सचिव ,एस एस कंवर, मुरारी साहू,गिरवर यादव,जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू,भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू,टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु,उत्तम कंसारी, दुष्यंत वर्मा, दुर्गेश साहू, रवि तारक, हिरऊ राम साहू,बीनू देवांगन, योगेश्वरी देवांगन, शशि साहू उपस्थित थे. उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# नए कानून को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी : वासनिकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 18 जुलाई।** आदिवासी विकासखंड छुरा के कन्या हाई स्कुल मे नवीन कानून का दण्ड संहिता से न्याय सहिंता कि ओर, भारतीय न्याय सहिंता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया था कार्यक्रम मे मुख्यतिथि के रूप मे यशवंत वासनिकर अतिरिक्त सत्र न्यायधीश (फास्ट्रेक विशेष न्यायलय पास्को) गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रशांत कुमार देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, के उपस्थि मे किया गया, कार्यक्रम के उपस्थिति मे मुख्यतिथियो के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र कि पूजा अर्चना कर कार्यक्रम कि शुरुवात किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यतिथि यशवंत वासनिकर ने कहा हम आज किसी को भी आसानी से अपनी दुपहिया और चार पहिया वाहन देते है ऐसा न करे किसी को भी अपना वाहन देने से पहले देख ले कि जिसको आप अपनी गाडी दे रहे है उसके पास लायसेंस है कि नहीं अगर उसके पास गाडी चलाने के लिये लायसेंस नहीं है और उसको गाडी दे दी और कही गाडी का एक्सीडेंट हो जाता है तो इसकी सारी जवाबदारी गाडी मालिक कि होंगी।

नवीन कानून मे बहुत से बदलाव हुए है जिसकी जानकारी सभी लोगो को होनी चाहिये अब लोगो को रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जाने कि जरूरत नहीं है अब आप अपने मोबाईल फोन से ही एफआई आर दर्ज कर सकते है साथ ही अगर आप छुरा के है और आपके साथ कोई घटना रायपुर मे घट गई तो आप रायपुर कि जगह गरियाबंद या भारत के किसी भी शहर मे एफआई आर दर्ज करा सकते है, विशिष्ट अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत देवांगन ने कहा कि भारत का कानून ब्रिटिश जमाने मे अंग्रेजो का बनाया हुआ था जो आज तक चल रहा था जिसमे संसोधन किया गया है 1 जुलाई से लागू तीन नये कानून मे काफी बदलाव किया गया है जो लोगो के लिये कारगर सिद्ध होगा अब न्याय मे देरी नहीं होगा जिससे लोगो को काफी फायदा होगा अब पुलिस कि भी जिम्मेदारी बढ़ गई है अब पुलिस को बयान के दौरान पुलिस को विडिओ बनाना पड़ेगा जो एविडेंस के रूप मे काम आयेगा।

पहले विडिओ को साक्ष्य के रूप मे नहीं माना जाता था लेकिन अब वीडियो को भी साक्ष्य के रूप मे माना जायेगा पहले किसी दुर्घटना मे मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिये महीनो भटकना पड़ता था लेकिन अब नये कानून के तहत एक सप्ताह के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट देना होगा, इस अवसर पर, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत उपध्यक्ष रिंकु सचदेव, वरिष्ठ नागरिक नथमाल शर्मा, थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, अशोक दीक्षित, मानसिंह निषाद, देव सिंह रात्रे, रमेश शर्मा, दिनू कोठारी, नरोत्तम साहू, मोहन ठाकुर, डीगेश साहू सुंदर साहू, विनोद कुमार, मिथलेश सिन्हा, अनिश सोलंकी उज्जवल जैन, परमेश्वर राजपूत, कुलेश्वर सिन्हा, मेष नंद पांडेय सीमा कौशिक, यामिनी चंद्राकर उपस्थिति थे।

## समाचार संक्षेप

### निपनिया पुलिस ने ट्रेन से मोबाइल चोरी कर भागे आरोपी को पकड़कर महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 13 जुलाई को महाराष्ट्र से आई GRF पुलिस द्वारा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में सूचना दिया गया कि ग्राम भरतपुर निवासी एक आरोपी द्वारा दिनांक 29.04.2024 को महाराष्ट्र एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी कर फरार हो गया है, कि रिपोर्ट पर पुलिस थाना गोंदिया महाराष्ट्र में अपराध क्र. 91/2024 धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया तथा जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति अभी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरतपुर में निवास कर रहा है। की सूचना पर प्रभारी उप निरीक्षक किशन कुमार के साथ निपनिया पुलिस का बल तत्काल ग्राम भरतपुर पहुंचा एवं संदेही आरोपी श्रवण प्रेम प्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा ट्रेन में सफर करने के दौरान महाराष्ट्र एक्सप्रेस के कोच नंबर एस2 से उक्त मोबाइल को चोरी करना स्वीकार किया। कि प्रकरण में पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर महाराष्ट्र राज्य से आई तत्काल पुलिस के हवाले आरोपी को किया गया है।

### गिधपुरी में शासकीय वाहन दुर्घटनाग्रस्त



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 13 जुलाई को रात्रि लगभग 23:10 बजे पुलिस चौकी करहीबाजार एवं थाना सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक टिकेश्वर गायकवाड, अमन चैन तिर्की एवं नरेंद्र पटेल द्वारा एक मामले में पकड़े गए अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह महासमुंद में दाखिल कर शासकीय वाहन से ग्राम गिधपुरी के रास्ते वापस बलौदाबाजार आ रहे थे। कि इसी बीच ग्राम भरूवाडीह स्कूल के पास सामने से आ रहे ट्रक क्र. सीजी-04-एसएस-8389 के चालक द्वारा अपनी ट्रक को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क मार्ग में बैठे मवेशियों को रौंदते हुए रॉन्ग साइड में आकर हमारी शासकीय वाहन क्र. सीजी-03-8941 को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से शासकीय वाहन रोड के किनारे तरफबने नाली में गिरकर फंस गया एवं क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान शासकीय वाहन में बैठे आरक्षक टिकेश्वर गायकवाड के सिर, कमर में, आरक्षक नरेंद्र पटेल के सीने में तथा आरक्षक अमनचैन तिर्की के दाहिना पैर, दाढी एवं सिर में चोट आया है तथा एक्सीडेंट में 04 मवेशियों की मृत्यु हो गया तथा 03 अन्य मवेशी घायल हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्र. 81/2024 धारा 281, 125(A) 325 बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। की प्रकरण में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक कृष्ण कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना बहरी जिला सीधी मध्य प्रदेश को अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्यवाही किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त शासकीय वाहन में बैठे तीनों आरक्षकों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया है।

### नियमों की अवहेलना करने वाले 59 वाहन चालकों से वूसली



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम मे दिनांक 13.07.2024 को यातायात पुलिस द्वारा शराब दुकान बलौदाबाजार के पास सड़क मार्ग में बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलने वाले वाहन चालकों, बिना हेलमेट धारण कर, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले, सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 59 वाहन चालको से 25, 500 समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कार्यवाही के दौरान नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 3600 समन शुल्क किया गया वसूल, बिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने वाले कुल 09 वाहन चालकों से 4500 समन शुल्क किया गया वसूल, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने के मामलो मे कुल 12 वाहन चालकों से 3600 समन शुल्क किया गया वसूल, जांच के दौरान मौके पर कागजात पेश नहीं करने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 3900 समन शुल्क वसूल किया गया, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 07 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3500 समन शुल्क वसूल किया गया है।, यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य 06 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6400 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

### प्राणघातक चोट पहुंचाने वाला अपचारी बालक सहित दो गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 8 जुलाई को प्रार्थी दीपक वर्मा को आरोपी अक्षय कुमार एवं अन्य के द्वारा फोन कर ग्राम ढाबाडीह, ठेलकी, चौक पर बुलाया गया, जिसमें पुरानी रंजिश की बात पर आरोपी अक्षय एवं अन्य आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का, डण्डा और पाईप से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे दाहिने पैर के पिंडली एवं बांये चेहरा में चोट आया है और मेरे साथी यशवत, किशन एवं भीम को भी चोट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 442/24 धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5), 109 बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली से सउनि मालिक राम भारद्वाज एवं पेट्रोलिंग टीम द्वारा आरोपी अक्षय कुमार उम्र 20 वर्ष साकिन कोकड़ी वार्ड क्र 12 नयापारा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली एवं एक अपचारी बालक को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ पर उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर, प्रार्थी एवं उसके दोस्तों को चाकू, लाठी, पाइप आदि से मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा 12 जुलाई को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल एवं अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने सर्किट हॉउस कसडोल में लगाया बरगद का पौधा



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सर्किट हॉउस परिसर कसडोल में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत बरगद का पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि बरगद का पेड़ धार्मिक महत्व के साथ बड़ा और छायादार होता है। बड़ा होकर यह बरगद का पेड़ इस परिसर को सुशोभित करेगा और शीतल छाया प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण एवं धरती माता के प्रति कृताज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रेरणादायी अभियान को जन अभियान के रूप में लेते हुए प्रदेशवासियो से माँ के नाम पेड़ लगाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला पंचयात के सभापति नवीन मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहु, श्याम बाई साहु, राजेश जायसवाल, गणेश साहु सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम मुख्यमंत्री, मंत्री व सांसद ने किया पौधारोपण



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर आज मुख्यमंत्री द्वारा कसडोल स्थित विश्राम ग्रह में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत 'बरगद' का पौधा रोपण किया गया। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित पंडित लक्ष्मीप्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं भाटापारा नगर के डी.के एस. कृषि महाविद्यालय के छात्रावास परिसर में उक्त अभियान अंतर्गत 'मौलश्री' के पौधे का रोपण रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जिले के अपने संसदीय क्षेत्र के सभी स्कूल एवं छात्रावास में पौधारोपण हेतु प्रेरित करने एवं वृहद मात्रा में वृक्षारोपण करने हेतु निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए है। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा सभी अस्पताल में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अन्तर्गत पौधा रोपण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही टंकराम वर्मा द्वारा इसे एक अभियान के रुप में पुरे जिले में वृहद पैमाने में पौधारोपण करने हेतु निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए है।

# देवशयनी एकादशी पर निकली गई भगवान विष्णु की पालकी यात्रा

## पुराणों में वर्णित परंपरा का निर्वहन, पालकी यात्रा महाकाल मंदिर पहुंची





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 18 जुलाई।** देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर रामसप्ताह चौक जगन्नाथ मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए भगवान हरि विष्णु की पालकी यात्रा निकाली गई, बाजे गाजे के साथ भक्तों के कंधों पर सवार होकर जयकारे के साथ पालकी महाकाल मंदिर नगर पालिका पहुंची। जहां महाकाल बाबा की और हरि विष्णु की पूजा एवं महाआरती व प्रसादी वितरण कर दोनों भगवान के बातचीत-चर्चा करने के लिए भगवान को नवीन कपड़े से ढका गया।

प्राचीन धर्म ग्रंथो व पुराणों के अनुसार देवशयनी एकादसी पर्व पर भगवान श्रीहरि विष्णु अपना जगत संचालन का कार्यभार भगवान शंकर को सौंपते है जिसके बाद भगवान विष्णु चातुर्मास के लिए विश्राम में चले जाते है। जिसकी परंपरा निर्वहन करते हुए भगवान विष्णु की पालकी यात्रा निकाल महाकाल भगवान शंकर से मिलन करवाया गया।

लटूरिया जग्गनाथ मंदिर से भगवान की पालकी यात्रा में भाटापारा भक्तजनों ने डुबकी लगाई और भगवान विष्णु और भगवान शंकर के मिलाप का अदभुत दृश्य भक्तों का मन मोह लिया। जग्गनाथ मंदिर के पुजारी जगदीश वैष्णव और महाकाल मंदिर के पुजारी राजेश यादव ने भगवान महाकाल और विष्णु भगवान की पूजा अर्चना व महाआरती जोरशोर एवँ भव्य रूप में किया।

## भगवान जगन्नाथ की मंदिर वापसी, 56 भोग लगाकर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 18 जुलाई।** नगर में बाहुड़ा यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रथ यात्रा के पर्व का अंतिम पड़ाव जब भगवान नौ दिन अपने मन्दिर को छोड़कर अपने मौसी गुंडीचा के यहां रहते हैं। इस नियमानुसार नगर में भगवान 9 दिनों तक छोटे राज महल के मंदिर में विराजमान होते हैं, वहां राजपरिवार द्वारा प्रभु की 9 दिनों तक सेवा की जाती है। आज रथयात्रा के वापसी के पर्व बाहुड़ा के तहत उपस्थित भक्त जनों द्वारा राजमहल परिसर पहुंचकर भगवान की विधि विधान से पूजा एवम आरती कर भगवान को पुनः मानस मंदिर लाया गया। छोटे राज महल से बाजे गाजे एवम आतिसबाजी एवम गजा मूंग प्रसाद वितरित करते हुए, हरीबोल के जयकारे के साथ झूले लाल वार्ड, बजरंग चौक, सदर रोड होते हुए मानस मंदिर भगवान की रथ पहुंची। मन्दिर पहुंचने के पश्चात भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, बलभद्र भैया विशेष पूजा अर्चना कर 56 भोग लगाकर स्वागत किया गया।

बाहुड़ा रथयात्रा में प्रमुख रुप से ओंकार शाह पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष मंदिर समिति, बजरंग पांडे, यज्ञेश पांडेय भोला पांडेय शीतल ध्रुव, मिथलेश सिन्हा, दुर्गेश अर्पण सेन, मेशनंदन पांडेय, गोपाल सोनी, निखिल साहू, नरेन्द्र पटेल, मीतेश दीक्षित, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर, ललित राठौर, नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, सुधा शर्मा, ईश्वर सिन्हा, कुमार साहू, यश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, कंगालू राम सिन्हा, सौरभ शारडा गजेंद्र पटेल, किशन सोनी, प्रतीक शर्मा, गजेंद्र साहू, कमलेश, महिला मानस मंडलियों के सदस्यगण, गणेशू साहू, कोमल सोनी, सेउक समाज के सदस्यगण के साथ बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

- प्रधानमंत्री आवास, अमृत सरोवर निर्माण में तेजी लाने एवं 15वीं वित्त राशि की यूसी सीसी को जल्द ही जमा करने के दिए निर्देश
- महिलाओं को लखपति दीदी बनाने एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को रोजगार मूलक कार्ययोजना बनाने कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज जिला पंचायत सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अमृत सरोवर निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों द्वारा अभी तक 15वीं वित्त राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र को समय सीमा के भीतर जमा करने के निर्देश उपसंचालक पंचायत एवं सभी जनपद पंचायत सीईओ को दिए है। साथ ही साथ ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में जोर देते हुए गावों में संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रोजगार मूलक कार्ययोजना बनाने की बात कही है. कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत विभाग से संबधित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का लाभ समय पर और सही तरीके से जनता तक पहुंचना चाहिए।

### बड़े गांवों का होगा योजनाबद्ध विकास

बड़े गांवों का योजनाबद्ध ढंग से विकास होगा. इसके लिए प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों का चयन किया जा रहा है. चयनित गांवों के विकास के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार योजना तैयार की जाएगी.अमृत सरोवरों में गांव की सुविधा अनुसार पौधारोपण करने, पचरी बनाने और शौचालय बनाने के साथ ही मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन के लिए रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए.बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत राज्य में कार्यरत बीसी सखियों, लखपति दीदी, लखपति दीदियों के प्रशिक्षण, स्व सहायता समूह की महिलाओं को न्यूनतम दर पर ऋण आदि कार्यो की समीक्षा की गई. इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

## कलेक्टर ने की महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिये निर्देश

# महतारी वंदन योजना से सभी को करें लाभांवित, सुपोषण अभियान में न बरतें कोताही : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज कलेक्टोरेट सभागार में महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा में विभागीय कार्य से संतुष्ट होते हुए विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होने महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभांवित करते हुए जिन महिलाओं के खाते में योजनाओं के तहत राशि बैक खाते में नही पहुंच पा रहा है उनका आधार संबधित तकनीकी समस्याओं का शीघ्र ही दूर करने की बात कहीं है। साथ ही सभी महिलाओं को जिनका आधार 10 वर्षो से अपडेट नही हुआ है उनको अपडेट कराने हेतु प्रेरित करने कहा गया है. इसके साथ ही सुपोषण अभियान में कोताही नही बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सोनी ने बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में आंगनबाड़ी केद्रों और वहां दर्ज हो रहे बच्चों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होने विभागीय अधिकारियों को जिले के शहरी, मैदानी एवं वनांचल क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केद्रों में वहां दर्ज बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए है। उन्होने आगें कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन को मुख्य उद्देश्य वहां दर्ज बच्चों को बेहतर देखभाल के साथ सुपोषण अभियान सहित बच्चों का मानसिक, शारीरिक तथा बौद्धिक विकास का विशेष बल देना है। साथ ही विभागीय योजनाओं के माध्यम से शिशुवती तथा गर्भवती माताओं को उचित ख्याल तथा समय-समय पर टीकाकरण और विभागीय योजनाओं का लाभ देना है। कलेक्टर बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान वहां दर्ज बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति नहीं दिखाई देती, यह बेहद ही चिंता का विषय है। हमें सबसे पहले वहां दर्ज बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर देने की जरूरत है। उन्होने सीडीपीओ और पर्यवेक्षक को आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं की बैठक लेकर इस सत्र से बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष ध्यान दे। सोनी ने बैठक की ऐजेंडे में शामिल जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में पोषण ट्रेकर अंतर्गत प्रगति समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों में और बेहतर क्रियान्वयन करने और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले में मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी, नवीन भवन की स्वीकृति के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। पोषण अभियान अंतर्गत त्रैमासिक बैठक में सभी विभागों के सहयोग से कुपोषण दूर करने प्रयास करने का निर्देश दिया गया है।

# राज्य के हितों को दरकिनार कर साय सरकार ने राजस्थान को कोल उत्खनन की अनुमति दे दी : बैज



**रायपुर, 18 जुलाई।** राज्य के हितों को दरकिनार कर साय सरकार ने राजस्थान को कोल उत्खनन की अनुमति दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हसदेव अरण्य कोल फील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग उत्खनन के लिये दे दिया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया में दिया है। दलीय प्रतिबद्धता में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के हितों तथा राज्य के पर्यावरण को अनदेखी किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के हितों को देखते हुये यहां पर उत्खनन की अनुमति देने से मना कर दिया था जबकि उस समय राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने राज्य के हितों से समझौता नहीं किया था। इस खदान को रद्द करने कांग्रेस की सरकार ने केंद्र सरकार के पास अनुशंसा भी भेजा था।

बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के दबाव में राज्य के कोल उत्खनन की बंदरबांट शुरू हो गयी है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है। यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तब कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। विधानसभा से भी कांग्रेस सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पारित करवा कर केंद्र को भेजा था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र की सभी कोल खदानों को निरस्त किया जाये। बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्तावित प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था।

## कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में भूपेश बघेल पड़ गए अलग-थलग: संजय

**रायपुर, 18 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलग-थलग पड़ गए हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता व संगठन में तालमेल नहीं रहने के कारण कांग्रेस पहले भी कई गुटों में बँटी नजर आ रही थी और हालात आज भी वही, या कहें कि उससे भी बदतर, हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की यह अंदरूनी तकरार अब मौके-बेमौके खुलकर सामने आ रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि सत्ताकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल के बीच की अंतर्कलह हो या फिर जयसिंह अग्रवाल के साथ मनभेद हो, आज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा का मनमुटाव हो, कांग्रेस संघर्ष से उबरने का नाम ही नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री रहते बघेल ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद से मोहन मरकाम को हटाने के लिए लगातार जोड़-तोड़ करते रहे और उसमें वह कामयाब भी हो गए लेकिन उसके बाद भी कांग्रेस पार्टी में लगातार तकरार जारी रही। आज हालात ये हैं कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन की जिम्मेदारी तय तक नहीं हो रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि बैज और लखमा के बीच की लड़ाई तो जगजाहिर है। कैसे बैज की टिकट काटकर लखमा को दे दी गई? विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार से अंतर्द्वंद के चलते लगातार गर्त में चली गई और उससे भी तेज रफ्तार से लोकसभा चुनाव में उसे रसातल में जाना पड़ा है।

## शारीरिक शिक्षा व्यायाम संघ 22 को करेगा विस घेराव

**रायपुर, 18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के बीएड, डीएड, एमएड प्रशिक्षित अपनी मांग को लेकर 22 जुलाई को विधानसभा का घेराव और धरना प्रदर्शन करेंगे।संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा है कि 2023 के शिक्षक भर्ती में व्यायाम शिक्षक के एक भी पद नहीं दिया गया। पूर्व सीएम द्वारा व्यायाम शिक्षक के 1440 पदों पर भर्ती का वादा भी किया गया जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ। अभी 33000 शिक्षक भर्ती प्रस्तावित है जिसमें हम 5000 व्यायाम शिक्षक के भर्ती की मांग करते है। प्रदेश के स्कूलों में व्यायाम शिक्षक पदों पर भर्ती की मांग को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ से बीएड, डीएड, एमएड प्रशिक्षित युवा 22 जुलाई को विधानसभा घेराव और धरना प्रदर्शन करेंगे।

## अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में पौधारोपण



**रायपुर, 18 जुलाई।** लायंस क्लब रायपुर कैपिटल के सदस्यों ने ' अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल' में पौधारोपण किया। एमजेएफ कुलविन्दर कौर ने 11 हजार रुपए का अनुदान भी दिया। दिव्यांग बच्चों की 'रंग भरो' एवं 'राष्ट्रीय पक्षी मोर का चित्र' प्रतियोगिता करवाई गई। 9 बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए! 35 छात्र छात्राओं को बाल पत्रिका, खिलौने, बिस्कुट, चाकलेट एवं चिप्स दिए गए। इस अवसर पर एम.जे.एफ कुलविन्दर कौर, जया सूर, क्षमा अग्रवाल, सुधा सक्सेना, ममता कोठारी, प्रधानः डॉक्टर मीनाक्षी एवं कोषाध्यक्षः डॉक्टर राकेश कौशल उपस्थित थे।

## एक नजर



**रायपुर, 18 जुलाई।** केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से एएसटीएफआई के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें मंत्री बनने पर बधाई देते हुए भारत में साफ्ट टेनिस खेल के विकास पर चर्चा की।

### प्राइम डे के लिए रोमांचक ऑफर

**रायपुर, 18 जुलाई।** अपने कैलेंडर में नोट कर ले और 20 और 21 जुलाई को प्राइम डे नजदीक आते ही बेहतरीन खरीदारी अनुभव का लाभ लेने के लिए हो जाएं तैयार। इस प्राइम डे पर, रोमांचक नए उत्पाद लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन कंटेंट और वर्ष की कुछ सर्वोत्तम डील्स के लिए हो जाइए तैयार। अमेजन पे के साथ, आपको आनंद, बचत और रिवार्ड से भरे प्राइम डे अनुभव की पूरी गारंटी है।प्राइम डे आ गया है और अमेजन पे के साथ, आप ऑफर को और भी बेहतर बना सकते हैं। ग्राहक अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अपनी सभी प्राइम डे खरीदारी पर कार्ड के मौजूदा 5त्न असीमित इनाम के लाभों के अलावा 5त्न कैशबैक का भी आनंद ले सकते हैं! अमेजन इंडिया ने आज इस प्राइम डे के लिए शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लाइनअप की घोषणा की, जो 20 और 21 जुलाई को होगा।

### स्वास्थ्य शिविर 21 को

**रायपुर, 18 जुलाई।** आक्सफोर्ड डायग्नोस्टिक द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 21 जुर्ला को प्रातः 10 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक कर्षण चेम्बर देवेन्द्र नगर में किया जाएगा। उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अरुण साव व स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल करेंगे। सीईओ मनोज कुमार शाहा ने बताया कि रक्त शर्करा, कोलेस्ट्रॉल की जांच व संपूर्ण रक्त गणना मुफ्त में की जाएगी। नेत्र जांच भी निःशुल्क होगा।

### पत्रकार राजीव शर्मा के भाई का निधन

**रायपुर, 18 जुलाई।** चौबे कालोनी निवासी डॉ. राकेश शर्मा



उम्र 70 वर्ष पिता स्वर्गीय विद्याप्रकाश शर्मा (पौंसरी वाले) का बीती रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे मयंक, मंजरी के पिता व वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा व तरुण छत्तीसगढ़ के मुख्य नगर संवाददाता राजीव शर्मा के भाई थे।


## जिनदत्त सूरीश्वर की पुण्यतिथि मनाई गई


**रायपुर, 18 जुलाई।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरि जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में प्रथम दादागुरुदेव जिनदत्त सूरि जी की 870 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि एक लाख तीस हज़ार अजैनों को जैन बनाने वाले एकावतारी युगप्रधान दादागुरुदेव जिनदत्त सूरीश्वर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा भक्ति भाव से की गई। प्रथम दादागुरुदेव जिनदत्त सूरि जी की गुणानुवाद सभा में अध्यक्ष संतोष बैद ने कहा कि 12 वीं शताब्दी में जब भारत में मुगल साम्राज्य द्वारा मंदिर व मूर्तियों को खंडित किया जा रहा था उस समय सुप्रसिद्ध जैन आचार्य जिनदत्त सूरि जी ने अपने तपोबल व साधना से धर्म की रक्षा की। एक समय उज्जैन में उनके प्रवचन के समय 64 योगनियां श्राविका का रूप कर दादा जिनदत्त सूरी को कपट पूर्वक तंग करने आई जिसे अपने दिव्य ज्ञान से जानकर उन्हें मंत्र बल से उनके आसन में ही स्तंभित कर दिया जिससे 64 योगनियों ने नतमस्तक होकर आचार्य को 7 वरदान दिए तथा सदैव उनकी आज्ञा पालन का वचन दिया वही अपनी साधना से 52 व्यंतर देव को भी सिद्ध किया तथा इन सभी सिद्धियों का जनहित में प्रयोग कर मुगल बादशाह को प्रभावित किया एक बार नगर में चतुर्मास प्रवेश के समय मुगल बादशाह के पुत्र कि घोड़े से गिरकर मृत्यु को हो गई।












कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26